दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 222 | जयपुर | सोमवार, 16 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

## हेलिकॉप्टर सर्विस रोकी; पैदल रूट पर मलबा गिरने से यात्री की मौत, चारधाम यात्रा रुकी



बढ़ता राजस्थान

**गौरीकुंड /रुद्रप्रयाग ( एजेंसी )।** केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5.20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था।हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा। इधर, जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले रूट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।पैदल मार्ग से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं, जिनमें सड़क क्षतिग्रस्त होने से पहले केदारनाथ धाम के लिए रवाना हो चुके श्रद्धालु भी शामिल हैं, उनकी प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

### केदारनाथ से लौटते समय हादसा हुआ

हेलिकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। गौरीकुंड से NDRF और SDRF की रेस्क्यू टीमों को भेजा गया है। IG गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का DNA टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजन को सौंपेंगे।

### CM धामी बोले:राहत-बचाव का काम जारी

हादसे को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- %रुद्रप्रयाग में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद खबर मिली है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं। सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।%

### हवाई सेवा के बाद पैदल यात्रा भी स्थगित

जंगलचट्टी के पास गधेरे में मलबा पत्थर गिरने से केदारनाथ धाम जाने वाला मार्ग टूट गया है। इसके बाद प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक का मार्ग अगली सूचना तक बंद कर दिया है। इससे केदारनाथ पैदल यात्रा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है।

## केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में जयपुर के पायलट की भी मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स) । राजवीर की मौत की जानकारी के बाद जयपुर में उनके घर भीड़ जुटने लगी तो परिवार के लोगों ने कहा कि वे बहुत दुखी हैं। हमें अकेला छोड़ दीजिए।केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में जयपुर के पायलट राजवीर सिंह (37) की भी मौत हो गई। लेफ्टिनेंट कर्नल से रिटायर्ड राजवीर बीते 9 महीने से आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए फ्लाइंग कर रहे थे।लैंडिंग से पहले सुबह करीब 5 .20 मिनट पर उन्होंने कंट्रोल रूम को अखिरी मैसेज किया था। इसके तुरंत बाद उनका चॉपर क्रैश हो गया। गौरीकुंड के जंगल में हुए इस क्रैश में कुल 7 लोगों की जान गई है।गढ़वाल (उत्तराखंड) रेंज के आईजी ने बताया कि डेडबॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। डीएनए टेस्ट के बाद ही बॉडी सौंपी जाएंगी।


### 4 महीने पहले ही जुड़वां बच्चों के पिता बने

जयपुर शहर की शास्त्री नगर कॉलोनी में रहने वाले राजवीर सिंह करीब 14 साल तक आर्मी में रहे। उनकी पत्नी दीपिका चौहान भी लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। दंपती शादी के 14 साल बाद पहली बार चार महीने पहले ही पेरेंट्स बने थे।उनके जुड़वां बेटे हैं। राजवीर के पिता गोविंद सिंह बीएसएनएल से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया कि परिवार इन दिनों पोतों के जलवा पूजन की तैयारियां कर रहा था, लेकिन आज मिली खबर से दुखों का पहाड़ टूट गया है।

पिता गोविंद ने बताया- अफसरों ने हमें क्रैश के बारे में बताया है। तीन हेलिकॉप्टर साथ गए थे। दो लैंड कर गए। एक क्रैश हो गया। राजवीर ने लैंडिंग से पहले लास्ट मैसेज दिया था कि- लैंडिंग के लिए लेफ्ट टर्न कर रहा हूं। उसके बाद हादसा हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल ने ईरानियों से कहा- मिलिट्री लोकेशन खाली करो



बढ़ता राजस्थान

**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है। इजराइली डिफेंस फोर्स (ढ्ढष्ठस्न) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है।IDF के कर्नल अविचय अद्री ने X पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है।पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है।ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 13 इजराइली मारे गए हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। इजराइल के हाइफा शहर के बाजान तेल रिफाइनरी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने कहा है कि अगर इजराइल हमले रोक लेता है तो ईरान भी रोक देगा। हालांकि इस पर इजराइल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।




### शंकराचार्य के प्रतिनिधि बोले- सिर्फ पूजा-पाठ नहीं, चुनावी भागीदारी होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** जयपुर में रविवार को हुए कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रतिनिधि योगीराज शैलेन्द्र महाराज ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ पूजा-पाठ नहीं, चुनावी भागीदारी होगी। पूरे देश में 33 करोड़ 'गौ मतदाता' बनाए जाएंगे, जो गाय के नाम पर खड़े प्रत्याशी को वोट देंगे। उन्होंने कहा- अगर किसी पार्टी का उम्मीदवार शपथपूर्वक कहे कि वो गाय के लिए काम करेगा, तो हम उसे भी समर्थन दे सकते हैं। लेकिन जो सरकारें सिर्फ वादा करके चुप रहती हैं, उनका विकल्प तैयार है। महाराष्ट्र में जिस सरकार ने गाय को राज्य माता का दर्जा दिया, वो दोबारा सत्ता में लौटी। गाय का काम करने वाले ही दोबारा आते हैं।शैलेन्द्र महाराज ने ये बातें वैशाली नगर स्थित भारतीय गौ क्रांति मंच के प्रदेश कार्यालय में आयोजित गौ ध्वज पूजन और परिक्रमा कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने बताया- शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले साल पूरे भारत में गौ प्रतिष्ठा यात्रा निकाल चुके हैं। हर राज्य की राजधानी में जाकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग रखी गई थी। लेकिन एक साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अब जनजागरण का तरीका बदला जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद संतों और गौ सेवकों ने गौमाता को पशु की सूची से हटाकर राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग रखी। उन्होंने कहा- इसी को लेकर 18 अक्टूबर 2024 को शंकराचार्य जी ने हर राज्य की राजधानी में गौ ध्वज की स्थापना की थी।

## अहमदाबाद प्लेन हादसा- विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई

### राजकोट में कल होगा अंतिम संस्कार; अब तक 31 शवों की शिनाख्त, 22 परिजन को सौंपे गए

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद (नि.स)।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका DNA मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 230 परिवारों से अबतक संपर्क किया जा चुका है। आज सुबह तक 248 शवों के DNA सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 22 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं।




## मोदी साइप्रस पहुंचे

### राष्ट्रपति निकोस ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, हाथ पकड़कर रेड कार्पेट पर चले



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस पहुंच गए हैं। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति निकोस पीएम मोदी का हाथ पकड़कर साथ चले। पीएम मोदी रविवार को 3 देशों की 4 दिन की यात्रा पर रवाना हुए। वे 15-16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में त्न7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद मोदी 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे। 19 जून को भारत लौट आएंगे। इस दौरान वे 27 हजार 745 किमी का सफर तय करेंगे। भारत और साइप्रस के कूटनीतिक रिश्ते हमेशा मजबूत रहे हैं, लेकिन इतने उच्चस्तरीय दौरे बहुत कम हुए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था।

## पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा

### हादसे में 2 लोगों की मौत, 6 को बचाया

बढ़ता राजस्थान



**पुणे( एजेंसी )।** पुणे में कुंडमाला टूरिस्ट स्पॉट पर इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा है। यह स्पॉट पुणे से 30 किलोमीटर दूर है। महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3ः30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक 38 लोग लापता हैं।विधायक सुनील शेलके ने पहले दावा किया था कि हादसे में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि ष्टरूदेवेंद्र फडणवीस और पुणे जोन 2 के DCP ने 2 लोगों की मौत की पुष्टि की है। NDRF की टीमों ने 6 लोगों का रेस्क्यू किया है।बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। हादसे वाली जगह पुणे से 30 किमी दूर, वीकेंड मनाने पहुंचते हैं लोगपुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में एंट्री करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

## 21 साल बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी को मिली ए प्लस ग्रेड

### कुलगुरु बोलीं- सबके सहयोग से हुआ संभव, अब मिलेगी ग्रांट्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राराजस्थान यूनिवर्सिटी को नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल ने ए प्लस ग्रेड दी है। यह ग्रेड देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों को दी जाती है। ऐसे में नेक द्वारा दी गई इस ग्रेट के बाद न सिर्फ राजस्थान यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी। बल्कि, केंद्र सरकार द्वारा यूनिवर्सिटी के विकास के लिए फंडिंग भी जारी की जाएगी। जिस यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को और बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध हो सकेंगे।दरअसल, नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल यूजीसी (त्रष्ट) की स्वायत्त संस्था है। जो देश के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन और एक्रीडिटेशन करती है। नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल शिक्षा की गुणवत्ता, शोध, प्रशासन, छात्रों के विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कई मापदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है। इसके लिए संस्थानों को 0 से 4.0 के स्केल पर ए, ए प्लस, ए प्लस ग्रेड दिए जाते हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी कि कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा- साल 2004 के बाद अब यूनिवर्सिटी ने ए प्लस ग्रेड हासिल की है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। यह सफलता राजस्थान यूनिवर्सिटी के सतत सुधार, शिक्षकों की मेहनत, प्रशासनिक दक्षता और स्टूडेंट्स शानदार प्रदर्शन का प्रतिफल है। इस मान्यता से न केवल राजस्थान यूनिवर्सिटी की साख बढ़ी है। बल्कि, इससे हजारों स्टूडेंट्स और शोधार्थियों के भविष्य के अवसर को भी पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान यूनिवर्सिटी को नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल द्वारा ए प्लस ग्रेड हमारी मजबूत शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को दर्शाता है।




## एअर-इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में बिना एसी बैठे रहे यात्री

### जयपुर आने वाला प्लेन 5 घंटे टेक ऑफ नहीं कर पाया; यात्री बोले-पीने को पानी नहीं मिला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में दुबई से जयपुर आ रहे पैसेंजर बिना एसी के 5 घंटे प्लेन में बैठे रहे। तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट टेक ऑफ नहीं कर पाई। इस दौरान लगभग 150 से ज्यादा पैसेंजर्स को फ्लाइट में ही बैठाए रखा गया।दरअसल, एअर इंडिया एक्सप्रेस की इंटरनेशनल फ्लाइट संख्या ढ्ढङ्ग-196 दुबई से 13 जून की शाम 7.25 बजे जयपुर के लिए उड़ान भरने वाली थी।



तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त पर टेक ऑफ नहींपाई।पैसेंजर्स को 5 घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट में ही बैठाए रखा। इस दौरान न तो फ्लाइट का एयर कंडीशनर (एसी) शुरू किया गया, न ही पैसेंजर्स को पानी या फिर अन्य खाने-पीने की वस्तुएं उपलब्ध कराई गई। इसके बाद पैसेंजर्स ने एअर इंडिया एक्सप्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

एअर इंडिया का प्लेन अपने निर्धारित वक्त से करीब सवा पांच घंटे लेट रात 12 बजकर 44 मिनट पर जयपुर के लिए रवाना हुआ, जो 13-14 जून की दरमियानी रात 2.44 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा। इसके बाद पैसेंजर ने एअर इंडिया एक्सप्रेस की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही इसे यात्रियों की सुरक्षा में एक बड़ी चूक भी बताया। फ्लाइट में सवार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आरजू सेठी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो शेयर कर एअर इंडिया एक्सप्रेस के सफर को भयावह बताया। उन्होंने कहा- इस तरह की लापरवाही देख मुझे आश्चर्य हुआ।




# एक बीघा जमीन के बकाया बेचान के बकाया 5 लाख रूपये के विवाद में गई किसान की जान

## परिजनों ने लगाया गोली मारकर हत्या करने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के खोहरी ग्राम निवासी किसान बनवारी लाल यादव द्वारा रजिस्ट्री करवाई गई एक बीघा जमीन के बकाया 5लाख मांगने के विवाद में उसको ज्यान से हाथ धोना पड़ा यह उसके पुत्र राजेश कुमार आयु 27वर्ष ने थाना बासदयाल में लिखित रिपोर्ट में दर्ज करवाए हैं। मृतक के परिजन राजेश कुमार ने थाना बासदयाल में दर्ज करवाई गईं रिपोर्ट में कहा है कि मेरे पिता की हत्या करने वाले ने 30बीघा जमीन अवैध रूप से कब्ज़ाई हुई है उक्त जमीन में बिजली का कनेक्शन नहीं हो रहा था उसको लेकर वह मेरे पिता मृतक बनवारी लाल यादव पुत्र कानाराम यादव से मिला और अपनी पीड़ा बताई। मेरे पिता बनवारीलाल यादव द्वारा नीमचाना में तीन बीघा जमीन खरीद रखी थी।जिसमें से एक बीघा जमीन जमीन झब्बूसिंह पुत्र करणसिंह जाति नीमूचाना को बेचान कर दी। बेचान के समय 5लाख रूपये बकाया रह गए जिनको मांगने पर उसके पुत्रों और पुत्र वधुओं सहित पौत्र भी बंदूक लेकर हमें मारने आ गए। जिस पर अड़ोसियों - पड़ोसियों और रिश्तेदारों द्वारा समझाईस कर विवाद को टाला गया। लेकिन 14जून 2025को मेरे पिताजी बनवारी लाल यादव करीब साढ़े 6बजे खेत जोतने गए थे, काफ़ी समय बाद नहीं लौटने पर उनके मोबाईल पर संपर्क किया गया लेकिन वे कॉल को रिसीव नहीं कर रहे थे। हमारी धड़कने बढ़ने लगी लेकिन अचानक ही लीलाराम पुत्र कानाराम का टेलीफोन आया कि आपका ट्रेक्टर तीन घण्टे से एक ही स्थान पर खड़ा हुआ है और चालू है। पीड़ित ने बताया कि हमने परिजनों के साथ पहुंचकर देखा तो पिता बनवारीलाल का शरीर खून से लतपथ पड़ा है। हमने उनके सीने सहित अन्य स्थानों पर गोलियों के निशान देखें तो उनके शरीर से खून बह रहा था। वहीं घटना की सूचना पर बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना बासदयाल सहित वृताधिकारी दशरथसिंह मौके पर पहुँचे और मृतक के शरीर को लेकर बानसूर उपजिला अस्पताल पहुँचे तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक बनवारी लाल के शव को बानसूर स्थित मोरचरी में रखवा दिया गया।

सुबह पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सक पहुँचे तो परिजनों सहित उपस्थित लोगों ने इसका विरोध किया। वृतांधिकारी दशरथ सिंह शेखावत ने परिजनों सहित उपस्थित लोगों से उनकी राय जानी तो मेडिकल बोर्ड से मृतक बनवारी का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने पुलिस को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जाँच निष्पक्ष होनी चाहिए और मुजरिम गिरफ्तार होने चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इसकी



जाँच उच्च अधिकारीयों से करवाई जाएगी। अब सुनीता हत्याकांड जैसी जाँच नहीं देखना चाहते जिसमें सिर्फ लीपापोथी हुई है। यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। वृतांधिकारी दशरथसिंह चौहान ने कहा कि अपराधी किसी जाति धर्म का हो हम बख्शेंगे नहीं जल्द ही अपराधी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हमारा इरादा बढे अपराध नहीं,मिले इंसाफ ज्यादा वहीं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने कहा कि मेडिकल बोर्ड द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है जो भी जाँच आएगी पुलिस कार्यवाही करेगी साथ ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही भी पुलिस सुनिश्चित करेगी।वहीं खोहरी गाँव के मृतक के भतीजे एंकर यादराम यादव ने पोस्टमार्टम से पूर्व स्थानीय पुलिस और जनप्रतिनिधियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि मृतक चाचा बनवारी लाल को न्याय मिलना चाहिए।हम आहुतियाँ देने को भी तैयार हैं तो आग लगाने को भी तैयार हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन सहित विधायक देवीसिंह शेखावत को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## नीट यूजी परीक्षा 2025 में रॉकी यादव का चयन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे स्थित ग्राम अहिर की बाबड़ी निवासी रॉकी यादव ने शनिवार को घोषित नीट यूजी परीक्षा 2025 के परिणाम में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रॉकी ने 720 में से 583 अंक हासिल कर ओबीसी वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 3020वीं रैंक हासिल की है। रॉकी के पिता राजू यादव एक साधारण कृषक हैं और उनकी माता कमलेश देवी गृहणी हैं। उनके ताऊ सुलतान यादव पावटा तहसील में स्टाम्प विक्रेता हैं। रॉकी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है, जिन्होंने उन्हें पढ़ाई में प्रोत्साहित किया और उनकी मेहनत को सही दिशा में लगाया। रॉकी अब अपने सपनों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। वह एक अच्छे डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहते हैं और अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहते हैं। रॉकी की सफलता ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। उनकी कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रॉकी की सफलता पर उनके परिवार, दोस्तों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने उनकी मेहनत और प्रतिभा की सराहना की है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आदिवासी मीना विकास संस्थान द्वारा सपोटरा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**करणपुर ( अंशु गुप्ता )।** एग्री ब्लड फाउंडेशन टीम के अध्यक्ष व संस्थापक रामप्रेम मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि सपोटरा मीना धर्मशाला में आदिवासी मीणा विकाश संस्थान द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टीम एग्री ब्लड फाउंडेशन को वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विधायक हंसराज मीना एवं पूर्व रिटायर्ड आए.ए.एस. अधिकारी ने कहा युवाओं को इसी तरह समाजसेवा, देशहित, राष्ट्रहित एवं पर्यावरणहित जैसे परोपकार के कार्य करते रहना चाहिए तभी हम देश ओर समाज को युवा ही दिशा ओर दशा बदल सकते है। मौके पर मौजूद क्रन टीम मेंबर एक पेड़ स्टूडेंट के नाम अभियान के जिला कॉर्डिनेटर कमलेश घुनावत कसेड, ट्री मेन मुकेश कुमार मीणा बुकना सपोटरा, गोवर्धन घुनावत कसेड, जितेंद्र मीना झिरी सहित टीम के अन्य सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## ड्राई डे से मच्छर जनित बीमारियों पर कसा शिकंजा, जिलेभर में हुई गतिविधियां

### बीमारियों को हराना है - राजसमंद को स्वस्थ बनाना है

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** जिले में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और जन-जागरूकता को लेकर ड्राई डे पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत बिंदल के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉ बिंदल ने बताया कि सुबह 7.30 से 9:00 बजे तक सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर एंटीलार्वा व एंटी एडल्ट गतिविधियां संचालित की गईं। इन गतिविधियों में टेमीफोस का छिड़काव, सोर्स रिडक्शन, लार्वा का निरीक्षण और तत्काल उपचार जैसी क्रियाएं शामिल रहीं। कार्यकर्ताओं ने हर घर में संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों की जांच कर लोगों को उनके सफाए के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की निगरानी ब्लॉक स्तर पर बीसीएमओ एवं बीपीएम द्वारा, जबकि सीएचसी एवं पीएचसी स्तर पर संबंधित मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा की गई। सीएमएचओ डॉ. हेमंत बिंदल ने बताया कि ड्राई डे जैसे नियमित अभियानों से हम जिले को मलेरिया, डेंगू और अन्य मच्छर जनित रोगों से मुक्त बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और समय पर की गई रोकथाम ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

ड्राई डे के दौरान कार्यकर्ताओं ने लार्वा की पहचान करते हुए उपचार करते हुए फोटोग्राफ्स साझा किए। दीवारों पर गेरू से स्लोगन लिखकर तथा लार्वा के प्रत्यक्ष प्रदर्शन द्वारा आमजन को सजग किया गया। सभी कार्यकर्ताओं को टेमीफोस सिरिंज एवं सर्वे फॉर्मेट से सुसज्जित रखा गया था जिससे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में जागरूकता एवं रोकथाम की यह अनवरत मुहिम आगे भी प्रत्येक शनिवार को जारी रहेगी, ताकि बीमारियों को हराना है - राजसमंद को स्वस्थ बनाना है का संकल्प साकार हो सके।

## भावा में चल रहे हैं वैदिक शिविर में सूरजकुंड धाम आश्रम के महंत अवधेशानंद महाराज ने बटुकों को दिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** जिले के भावा में चल रहे वैदिक शिक्षण शिविर में रविवार को सूरजकुंड धाम आश्रम के महंत अवधेशानंद महाराज शिविर स्थल पहुचे जहा 15दिनों से ज्योतिष ज्ञान प्राप्त कर रहे बटुकों ने अपने मुखर बिंद से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महंत की आवभगत की गई बटुकों के मंत्र सुनकर महंत अवधेशानंद महाराज काफी प्रंचित नजर आए वही शिविर स्थल पर बटुकों ओर शिक्षा दिलाने वाले ज्ञानी शिक्षकों ने महाराज के चरण छूकर भरपूर आशीर्वाद लिया । महाराज श्री ने कहा सनातन धर्म के लिए ऐसे आयोजन की अति आवश्यकता है कलयुग में वैदिक ज्ञान हर पूजन पद्दति में उपयोग में आता है सभी बटुकों ने महाराज के भरपूर आशीर्वाद लिया ।

शिविर संचालक गोविंद शर्मा को कहा कि आप हर वर्ष ऐसे शिविर आयोजित करते रहे जिससे सनातन धर्म की रक्षा होती रहेगी और उन्होंने कहा कि आप शिविर नहीं गुरुकुल शुरू करें जिससे बालकों को वर्ष भर वैदिक ज्ञान की प्राप्ति होती रहे संस्था के आचार्य गणपत शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, गौरव पालीवाल, प्रदीप शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा ,विकास परीक, प्रहलाद तिवारी आदि आचार्य ने वेद मित्रों के साथ गुरु के चरणों का पूजन किया तथा माल्यार्पण ऊपरना ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया बाद में महंत अवधेशानंद महाराज के हाथों द्वारा सभी बटुकों को फल भी वितरण किया गया।

## नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा की तानाशाही

### डाकघर के सामने शौचालय निर्माण पर बवाल

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा की तानाशाही के खिलाफ लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। पालिका प्रशासन द्वारा पावटा उपडाक घर के सामने शौचालय निर्माण करवाकर सर्विस लाइन को अवरुद्ध करने और डाकघर द्वारा अपने सामने स्वयं की भूमि पर बनने वाले आईडीसी सेंटर वाले स्थान पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। डाक विभाग का कहना है कि इस भूमि पर भविष्य में आईडीसी सेंटर बनाने की योजना है, और उनका रास्ता इधर से निकलेगा। लेकिन नगरपालिका आम रास्ते को अपना बताकर अवैध कब्जा कर भूमाफिया बन गई है। एनएचआई ने यहां साइनिंग बोर्ड लगाकर आने-जाने के लिए रास्ता छोड़ा है, जहां से रोज हजारों की संख्या में लोग आते-जाते हैं। लोगों ने बताया कि सर्विस रोड पर तो हमेशा जाम लगा रहता है, और बचा हुआ फुटपाथ को नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण कर बंद करने पर तुली है। पोस्ट मास्टर छगन लाल बुनकर ने बताया कि डाक विभाग ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत करवाने के बाद भी काम नहीं रोका जा रहा है।

पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि यह जगह आम आदमी के लिए छोड़ी गई है, और आम जनता का रास्ता बंद करना गलत है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका को आगे तक रास्ता खुलवाना चाहिए। लेकिन विधायक कुलदीप धनकड़ इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं, जैसे उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। विनोद सांखला, राहुल कुमार, रामकरण, मातादीन सैनी आदि ने मांग की है कि नगरपालिका प्रशासन की इस तानाशाही को रोकने के लिए मामले की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में कई जगह राजकीय भूमि खाली पड़ी है, जहां शौचालय का निर्माण किया जा सकता है।



## प्रथम प्रयास में ही गांव खोहरी निवासी आदित्य आर्य का हुआ नीट परीक्षा में चयन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र के गांव खोहरी निवासी आदित्य आर्य पुत्र अशोक कुमार आर्य(प्रधानचार्य) ने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा में सफलता पाई हैं। जिससे गांव खोहरी में खुशी का माहौल हैं। आदित्य आर्य ने प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा पास करते हुए ऑल इंडिया अनुसूचित जाति में 1497 वीं रैंक प्राप्त की हैं। वहीं आदित्य आर्य के बड़े भाई का भी साल 2021 में नीट परीक्षा में चयन हों गया था जो अभी एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। आदित्य आर्य ने अपनी इस सफलता का श्रेय दादा दादी बड़े बुजुर्गों सहित अपने माता पिता को दिया हैं।

## मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने किए प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने नाथद्वारा में प्रभु श्री नाथ जी के दर्शन किए। इस दौरान राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंदिर मंडल पदाधिकारियों ने समाधान पद्धति से उनका स्वागत किया।

## साहवा नगरपालिका चेयरमैन पुत्र गोविंद नैण ने किया नीट क्वालीफाई

### कस्बेवासियों ने मिठाई खिलाकर किया स्वागत और बधाई दी

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 के शनिवार को घोषित हुए नतीजों में कस्बे की नगरपालिका के चेयरमैन कर्मचंद नैण के पुत्र गोविंद नैण ने बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। जैसे ही गोविन्द नैण के नीट 2025 क्वालीफाई करने की सूचना मिली तो बड़ी संख्या में कस्बेवासियों ने उन्हें घर जाकर मिठाई खिलाते हुए उनका स्वागत किया और नीट की सफलता की बधाई दी। आपको बता दे कि नीट यूजी प्रवेश परीक्षा 2025 के शनिवार को घोषित हुए नतीजों में साहवा नगरपालिका चेयरमैन कर्मचंद नैण के पुत्र गोविन्द नैण ने 537 अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का लोहा मनवाया।



उन्होंने ऑल इंडिया की 19331 रैंक और ओबीसी की 8623 रैंक प्राप्त कर देशभर में साहवा क्षेत्र का नाम रोशन किया। गोविन्द की इस शानदार उपलब्धि पर बड़ी संख्या में कस्बेवासियों ने उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं रविवार को कस्बेवासियों की ओर से मुख्य बाजार में मिठाई खिलाकर गोविंद नैण का शानदार स्वागत सत्कार किया गया और नीट की सफलता पर बधाई देते हुए चिकित्सा क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन करमचंद नैण, भागीरथ सैनी, वासुदेव नाई, राहुल भाटी, हजारीदान चारण, आंनदसिंह शेखावत, रिंकू सैनी, रामनिवास सैनी, पवन रैगर, अमित अग्रवाल, किशन स्वामी, अंकित शर्मा, च्यानमल पारीक, सुरेंद्र प्रिगावत सहित बड़ी संख्या में कस्बेवासी मौजूद थे।

## अंधड़ और बारिश के साथ पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** पावटा-प्रागपुरा समेत आसपास के क्षेत्रों में रविवार दोपहर अचानक आए तेज अंधड़ और घने अंधकार के साथ हुई झमाझम बारिश ने जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब 20 मिनट की बारिश ने जहां एक ओर तपती गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर कई जगहों पर पेड़ पौधे हवाओं से टूट कर धराशायी हो गए। कई किसानों की खेतों में लगी ज्वार की फसल भी हवा के साथ जमीन में झुक गई। इससे किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना है। क्षेत्र के किडारोद, बड़नगर, भांकरी, टोरड़ा-रामपुरा, भैंसलाना और भूरीभड़ाज में भी पेड़ पौधे टूट कर गिर गए। वहीं शाम तक बादलों से हल्की बूंदाबांदी से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश से क्षेत्र के लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। बारिश से पारा लुढ़ककर 38 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा। गौरतलब है कि क्षेत्र विगत एक पखवाड़े से तेज धूप व लू के थपड़ो से आमजन जीवन पूरी तरह से बेहाल हो रहा था। लेकिन मौसम में आए एकाएक बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है।



## तीन भाइयों के बीच में चांदी की अंगूठी पर लगी बोली धेनु गोपाल गौशाला में दिया 61000 का दान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के गौ धाम श्री धेनु गोपाल गौशाला सियाणा में तीन मांगीलाल गुर्जर, भारमल गुर्जर, कैलाश गुर्जर बिकवास भाइयों के बीच में लगी चांदी की अंगूठी की 500 रूपये बोली लगाकर बोली से प्राप्त हुए 61000 रूपये तक गई,जिसको तीनों भाइयों ने मिलकर श्री धेणुगोपाल गौशाला सियाणा में 61000 की गोग्रास भेट की,गोशाला के सदस्यों ने सभी का माला और शाल पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने गौशाला में दान देने हेतु तीनों भाइयों का गौशाला समिति द्वारा आभार व्यक्त किया।

## आग से घरेलु समान जला श्रीराम आनंद महोत्सव कमेटी ने पहुंचाई मदद

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गांव चतरपुरा की कीरो की ढाणी में झांजू राम कीर के कच्चे मकान में आग लग गई थी जिससे मकान में रखा घरेलु समान सहित राशन आग की चपेट में आप गया था।

इस नुकसान को देखते हुए श्रीराम आनंद कमेटी चतर पूरा ने ऑनलाइन ग्रुप बनाकर सामजिक व्यतीयों से सम्पर्क कर पीड़ित परिवार के लिए घरेलु समान की व्यवस्था कर पीड़ित परिवार को सौंपा। इस मोके पर रामप्रताप सवामी, कृष्ण डूडी, विक्रम सैनी सहित पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# कोटपूतली की शान बनीं जयशिखा सैनी, नीट में पाई शानदार सफलता-गांव में हुआ भव्य सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के श्यामनगर निवासी जयशिखा सैनी पुत्री प्राचार्य ख्याली राम सैनी एवं माता सुमन देवी ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 15787वीं रैंक प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर है।जयशिखा की इस सफलता पर श्यामनगर में उनका भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात जयशिखा को माल्यार्पण कर,शॉल ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर,महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

क्ताओं ने जयशिखा की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।कार्यक्रम के अंत में सभी ने जयशिखा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस अवसर को उत्सव की तरह मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा उदय तोंदवाल, प्राचार्य श्योराम, विनोद सैनी, सियाराम सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी,देवेन्द्र, मोहन सैनी, रामनिवास,रामसिंह सैनी, मनोज सैनी, सुगन सैनी, भव्य सैनी, शुभम सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### 19.45 करोड़ से बनेगा डायवर्जन चौनल, किसान के खेत में नहीं भरेगा बरसाती पानी

# ऊर्जा मंत्री नागर ने देवली क्षेत्र में किया 22.45 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण : शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बालूहेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में बालूहेडा, झालरी एवं देवली ग्राम पंचायत क्षेत्र के 22.45 करोड़ रूपए के साथ विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ऊर्जा मंत्री ने कोटा जिले की कनवास तहसील में किसानों के खेतों को पठारी पानी से बचाने के लिए 19.45 करोड रुपए की लागत से बनने वाले पोकलिया खाल डायवर्जन चैनल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को पर संबोधित करते हुए श्री नागर ने कहा कि डायवर्जन चैनल की वर्षों पुरानी मांग थी। जल भराव से फसलें नष्ट होती थी। अब डायवर्जन चैनल बन जाने से खेतों में पानी नहीं भरेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में 11 साल में आमजन से जुड़े जन कल्याण के कई कार्य किए गए हैं। विकास योजनाओं और विकास कार्यों को हमें जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से लेकर सुरक्षा तक देश में परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति मिली है। खाद्य सुरक्षा, किसान सम्मान निधि मिल रही है। कार्यकर्ता जनता के इन कार्यों को लोगों तक पहुंचाएं और जो लोग इनका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, उनका सहयोग करें। नागर ने झालरी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना अंतर्गत बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य व पालाहेड़ा में महादेव मंदिर के पास वृक्ष कुंज के कार्य का भी शिलान्यास किया। इसके अलावा गोपालपुरा में चारागाह विकास फलदार पौधरोपण, नियाना तलाई निर्माण कार्य, खेड़ी एनीकट निर्माण कार्य, खेड़ी जल संग्रहण संरचना का रिनोवेशन, खेड़ी जल संरक्षण संरचना का रिनोवेशन एवं नाला गहरा करने, झालरी वृक्ष



कुंज, रूपहेड़ा एनीकट रिनोवेशन एवं नाला स्थिरीकरण कार्य, रूपाहेड़ा रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य, तलाई रिनोवेशन मय पक्का बेस्टवेयर संगरिया बस्ती के पास, नियाना चारागाह विकास फलदार पौधारोपण, गरमोड़ी एनीकेट निर्माण एवं पोकल्याखाल गहरीकरण कार्य, पालाहेडा तलाई रिनोवेशन, पालाहेडा खेल के मैदान के पास रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य, कचोलिया हनुमान जी के मंदिर के पास रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य, खेडली काकूनिया सुरक्षा दीवार, खेडली काकूनिया सेफ्टीवाल निर्माण कार्य, खेडली काकूनिया तलाई रिनोवेशन, बालूहेड़ा तलाई रिनोवेशन, पालाहेड़ा सेफ्टी वाल, पालाहेड़ा जल संरक्षण संरचना आदि कार्यों का लोकार्पण किया। ऊर्जा मंत्री ने गरडाना रिटेनिंग वॉल, तलाई रिनोवेशन के कार्य का भी लोकार्पण किया।

# डम्पर चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना ने कार्रवाई करते हुए डम्पर चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी किए गए डम्पर को भी जब्त किया गया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना ने डम्पर चोरी मामले में आरोपी गनी मोहम्मद (50 निवासी प्रतापनगर जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में दो जून को पीडित विजेंद्र ने मामला दर्ज करवाया था कि सांगानेर में उसकी श्री बालाजी इफ्रां नाम से फर्म है। फर्म के दो डम्पर रोडी-बजरी में चलते है। एक जून की रात चालक गिरधारी लाल गुर्जर डम्पर को चौधरी ग्रीन हाउस के सामने रोड किनारे खड़ा कर अपने गांव चला गया था। अगले दिन सुबह दूसरे चालक के पहुंचने पर डम्पर गायब मिला। डम्पर चोरी के मामले में पुलिस ने वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालते हुए चोरी हुए डम्पर का पीछा करते हुए बदमाश गनी मोहम्मद को गिरफ्तार किया और साथ ही चोरी हुए डंपर को जब्त किया । पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# बाइक सवार बदमाश अस्पताल कर्मचारी से छीन ले गया मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एयरपोर्ट थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक अस्पताल कर्मचारी से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार झुंझुनूं निवासी दर्शना सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह जवाहर सर्किल पर स्थित एक अस्पताल में कार्यरत है। वह किसी काम से अस्पताल के बाहर आई थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। इस पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। ऑटो में चार्जिंग पर लगा मोबाइल ले भागे बाइक सवार दो बदमाश अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश ऑटो में चार्जिंग पर लगा मोबाइल लेकर भाग निकले।

पुलिस के अनुसार सोडाला निवासी अब्दुल लतीफ ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने ऑटो को सड़क किनारे खड़ा कर चाय की दुकान पर बैठा था। ऑटो में मोबाइल चार्जिंग पर लगा था। इसी दौरान बाइक पर दो बदमाश आए और उसके ऑटो में लगे मोबाइल को चार्जिंग से हटाकर ले गए। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# युवक को बाईक स्टंट करना पड़ा भारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जयपुर शहर में बाइक स्टंट कर रहे बाइक सवारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आमेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पावर बाइक से स्टंट कर स्वयं और राहगीरों की जान खतरे में डालने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसकी बाइक को भी जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आमेर थाना इलाके में स्थित आमेर महल के सामने मावठा पर बाइक स्टंट का एक विडियो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो रहा था। जिसमें बाइक सवार एक युवक पावर बाइक से स्टंट करके न केवल स्वयं की,बल्कि अन्य राहगीरों की जान खतरे में डाल रहा था। जिस पर पुलिस ने बाइक रजिस्ट्रेशन के आधार पर आरोपित युवक साहिल बावरिया निवासी झोटवाड़ा गिरफ्तार किया है और स्टंट में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई।


# युवक को बाईक स्टंट करना पड़ा भारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जयपुर शहर में बाइक स्टंट कर रहे बाइक सवारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आमेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पावर बाइक से स्टंट कर स्वयं और राहगीरों की जान खतरे में डालने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसकी बाइक को भी जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आमेर थाना इलाके में स्थित आमेर महल के सामने मावठा पर बाइक स्टंट का एक विडियो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो रहा था। जिसमें बाइक सवार एक युवक पावर बाइक से स्टंट करके न केवल स्वयं की,बल्कि अन्य राहगीरों की जान खतरे में डाल रहा था। जिस पर पुलिस ने बाइक रजिस्ट्रेशन के आधार पर आरोपित युवक साहिल बावरिया निवासी झोटवाड़ा गिरफ्तार किया है और स्टंट में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई।


# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विद्यार्थियों ने दिखाई जागरूकता की अलख

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभा और संकल्प की गूंज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में रविवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वावधान में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर के तहत वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को लेकर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।कार्यक्रम को विद्यार्थियों ने जल व पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और चेतना से जीवंत कर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गंगा और जल हमारे अस्तित्व का आधार हैं। आप सभी को पर्यावरण संरक्षण करने में योगदान देना होगा, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।शिविर में नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन, नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, पेंटिंग, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बालकों ने जल, पर्यावरण, स्वच्छता और सतत जीवनशैली जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच संचालन स्काउट गाइड के असिस्टेंट लीडर ट्रेनर सीताराम गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के दौरान



स्थानीय संघ के सचिव रामवीर यादव ने सभी बच्चों को जल व पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि हम जल बचाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे और पृथ्वी को हरा-भरा बनाएंगे। प्रतियोगिता में नुक्कड़ नाटक में 'पर्यावरण स्वच्छता ग्रुप' ने प्रथम और 'वंदे गंगा ग्रुप' ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और खेलकूद प्रतियोगिता में मनन ने प्रथम, प्रतीक मीना ने द्वितीय और पीहू सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पेंटिंग प्रतियोगिता में रिशान्त जांगिड़ प्रथम, वंशिका द्वितीय तथा जिज्ञास तृतीय स्थान पर रही और नारा लेखन में खुश गुप्ता को प्रथम, वत्सल को द्वितीय तथा विशाखा को तृतीय स्थान मिला। निबंध प्रतियोगिता में राधिका प्रथम, ध्रुव सोनी द्वितीय और हर्ष सैनी तृतीय स्थान पर रहे।सभी विजेताओं को शिक्षा विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बालक-बालिकाओं ने समूह गीत, नृत्य और लघु नाटकों के माध्यम से जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य लोक बंधु ने आभार प्रदर्शित किया।इस अवसर पर रीमा, पप्पू राम यादव, अतुल कुमार आर्य,संदीप जांगिड़,पूनम जांगिड़, शबनम फरीन, आदित्य शर्मा, दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, स्काउट गाइड अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और अभिभावक उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब हवामहल, जयपुर का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# वर्षा के मौसम में अधिकाधिक पेड़ लगे और उनका संरक्षण हो : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने वर्षा के मौसम में अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से अपील भी की है कि वह वृक्ष लगाने के साथ उनके संरक्षण के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने जल संरक्षण के लिए भी अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल बागडे रविवार को लायंस क्लब हवामहल, जयपुर के स्थापना दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय परम्परा में अपने लिए नहीं दूसरों के लिए सोच रखते कार्य करने पर जोर दिया गया है। हमारे यहां सेवा ही सबसे बड़ा, परम धर्म कहा गया है। लायंस क्लब इस उद्देश्य से कार्य करता है, यह महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कर्म करें जिससे केवल अपना ही नहीं सभी का भला हो। उन्होंने सभी को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अपना श्रेष्ठतम देते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

# 125 विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान भारतीय सेना को किया समर्पित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रंगरेज समाज खंडवारियान लाखसियान जयपुर की ओर से रामगढ़ मोड़ स्थित जमातखाने में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह इस बार खास तौर पर भारतीय सेना के सम्मान को समर्पित रहा।समारोह की अगुवाई याकूब रंगरेज, मकसूद रंगरेज एडवोकेट, इकराम रंगरेज, इस्लाम रंगरेज, यूसुफ रंगरेज एवं शरीफ रंगरेज ने की। इस मौके पर समाज के होनहार छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 125 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में विशेष तौर पर खुशी होंडा के डायरेक्टर मोहम्मद आरिफ व मुंशी रंगरेज की ओर से छात्रों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए। पूर्व अध्यक्ष एम. सादिक खान, जयपुर शहर महामंत्री परवेज खान, एडवोकेट सैय्यद सआदत अली सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।समारोह में वक्ताओं ने भारतीय सेना के योगदान को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ और देशभक्ति के नारों के साथ हुआ।

# 485 मरीजों ने लिया लाभ, जयपुर में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

### जनरल मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, डेंटल व स्त्री रोग विशेषज्ञों की रही उपस्थिति

बढ़ता राजस्थान

**नई की थड़ी/ जयपुर।** ऑल इंडिया यूनानी तीब्बी कॉन्फ्रेंस राजस्थान एवं निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल, राजा पार्क के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन निशा हेल्थ केयर सेंटर, 60 फीट रोड, इबादत नगर, नई की थड़ी, जयपुर में किया गया। इस शिविर में 485 मरीजों ने निशुल्क परामर्श व जांच सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में जनरल मेडिसिन से डॉ. सुधीर मेहता, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल चौधरी, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रवि जाखड़, डेंटल सर्जन डॉ. जफर नसीम और स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. जहान आरा ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में बीपी, आरबीएस, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, बीएमआई, कोलेस्ट्रॉल आदि की निशुल्क



जांच की गई एवं रोगियों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉ. आफताब हुसैन नकवी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष,एआईयूटीसी राजस्थान) ने शिविर का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. शौकत अली अंसारी (अध्यक्ष,एआईयूटीसी राजस्थान ), विशिष्ट अतिथि डॉ.फरहत अली खान (कार्यकारिणी सदस्य, एआईयूटीसी सेंट्रल इंडिया) एवं डॉ. मोहम्मद अकमल ( महासचिव, एआईयूटीसी राजस्थान) उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. नसीम अहमद (संरक्षक,एआईयूटीसी राजस्थान), डॉ. मकबूल अहमद (सक्रिय अध्यक्ष,एआईयूटीसी राजस्थान) और डॉ. अरशद अफज़ल (डायरेक्टर, निशा हेल्थ केयर सेंटर) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में एनएचबीएच अस्पताल की एडमिन प्रिया शर्मा ने सभी अतिथियों एवं मरीजों का आभार जताया। ह।।क्क।। मार्केटिंग हेड प्रतीक कुमार ने निशा क्लिनिक का धन्यवाद ज्ञापित किया, वहीं मार्केटिंग मैनेजर अहसानुल्लाह खान ने भविष्य में भी इसी प्रकार के निशुल्क शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# केन्द्र सरकार ने राज्य की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए 1914 करोड़ रूपए से अधिक की राशि की स्वीकृत

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी का राज्य की विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 1914 करोड़ 71 लाख रूपए स्वीकृत करने के लिए आभार जताया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा यह राशि केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत लगभग 1000 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए स्वीकृत की गई है। इनमें 31 प्रमुख जिला सड़के, 8 राज्य राजमार्ग और एक अन्य जिला सड़क शामिल है।

स्वीकृत की गई राशि से इन सड़कों के खण्डों का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार निरंतर देश-प्रदेश के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में सड़क तंत्र की अहम भूमिका है। और सड़कों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण से सुगम परिवहन संभव होगा, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

# पार्सल भेजने का नाम लेकर शुल्क के नाम पर युवती से ठगे 1 लाख 87 हजार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ऑनलाइन कीमत सामान का पार्सल भेजने के बहाने झांसे में लेकर साइबर ठगों ने एक युवती से 1 लाख 87 हजार रुपए ठग लिए। पीडिता के दादा ने चाकसू थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गणेशपुरा चाकसू निवासी गोपाल लाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पोती के पास राज के युवक का फोन आया। युवक ने कहा कि आपके नाम का पार्सल है और उसके कीमती सामान रखा है। पार्सल के लिए आपकों को शुल्क चुकाना होगा। इसके बाद आरोपी ने उसकी पोती को एक क्यूआर कोड भेजा और उससे ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी ने अलग-अलग शुल्क के नाम से उसकी पोती से कई बार में क्यूआर कोड भेज कर अलग-अलग खातों में 1 लाख 87 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीडिता ने सारी आपबीती परिजनों को बताई।

## सम्पादकीय

# चांदी में तेजी का दौर, ज्यादा निवेश से पहले बुनियादी बातों का रखें ध्यान

सोने की कीमतों में तेजी के साथ ही कारोबारियों और निवेशकों ने चांदी (तथा अन्य महंगी धातुओं मसलन प्लेटिनम और वैनेडियम आदि) पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया है। वर्ष 2024 में चांदी, डॉलर के संदर्भ में 21 फीसदी महंगी हुई जबकि सोने की कीमतें 28 फीसदी चढ़ी थीं। वहीं 2025 में 31 मई तक चांदी और सोना दोनों 25 फीसदी तक ऊपर गए। इस रिटर्न ने बहुत आसानी से समान अवधि में शेयर बाजार सूचकांकों के प्रतिफल को पीछे छोड़ दिया।

भारतीय निवेशकों ने दोनों धातुओं में तेजी का लाभ उठाया। जून 2024 और 1 जून, 2025 के बीच भारतीय सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) के प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियों का मूल्य 125 फीसदी बढ़कर 16,866.20 करोड़ रुपये हो गया। समान अवधि में गोल्ड ईटीएफ की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां 82 फीसदी बढ़कर 62,452.94 करोड़ रुपये रहीं। 31 मई, 2025 को करीब 8,37,000 सिल्वर ईटीएफ फोलियो थे जबकि जनवरी 2025 में इनकी संख्या 6,00,000 थी। चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का संबंध सोने की कीमतों से है लेकिन दोनों धातुओं का औद्योगिक प्रोफाइल बहुत अलग है। अपने रासायनिक गुणों के कारण सोने का इस्तेमाल कई वैज्ञानिक प्रयोगों में भी होता है। हां, इसका इस्तेमाल आभूषण उद्योग में भी किया जाता है। परंतु कुल स्वर्ण उत्पादन का करीब केवल 15 फीसदी ही इन उद्देश्यों में इस्तेमाल किया जाता है। अधिकांश सोने को खरीदकर रख लिया जाता है क्योंकि इसे मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितताओं से बचाव का बढ़िया माध्यम माना जाता है। वहीं चांदी की करीब दो-तिहाई खपत विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों में होती है। चांदी ताप और बिजली की सबसे बड़ी सुचालक होती है और इसमें मजबूत एंटी बैक्टीरियल गुण भी होते हैं। इसका इस्तेमाल सेमीकंडक्टर बनाने में होता है और रासायनिक प्रक्रियाओं में उत्प्रेरक के रूप में भी। चांदी का इस्तेमाल बैटरी बनाने में, विभिन्न मिश्र धातुओं में, सौर ऊर्जा में, सेलफोन की टच स्क्रीन में तथा जल शोधक संयंत्रों में भी होता है। इनमें से कई उद्योगों की वृद्धि प्रोफाइल मजबूत है और चांदी में निवेश करने वालों को औद्योगिक प्रोफाइल को भी ध्यान में रखना चाहिए। अकेले सौर ऊर्जा/फोटोवोल्टिक उद्योग से उत्पन्न होने वाली मांग 12 फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ रही है। वहीं अन्य अनुप्रयोगों से भी मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। कमजोर वैश्विक वृहद माहौल के बावजूद चांदी की औद्योगिक मांग बरकरार है।अब तक चांदी की कीमतें कई साल के उच्चतम स्तर पर हैं। सोने की कीमतें भी रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं। सोने की तरह चांदी की कीमतें भी डॉलर में ही निर्धारित होती हैं। ऐसे में जब अमेरिकी डॉलर कमजोर होता है, तो यह दोनों धातुओं की कीमतें बढ़ने की प्रवृत्ति दिखाता है। हाल के महीनों में डॉलर कमजोर हुआ है और यह भी एक कारक है जिसके चलते कीमतें बढ़ रही हैं। कारोबारी सोने और चांदी की कीमतों के अनुपात को दो मूल्यवान धातुओं के सापेक्ष मूल्यांकन का आकलन करने के लिए एक सामान्य नियम के रूप में उपयोग करते हैं। ऐतिहासिक रूप से इसका औसत लगभग 60:1 के अनुपात में रहा है यानी एक ग्राम सोना खरीदने के लिए करीब 60 ग्राम चांदी की जरूरत होती है। अभी यह अनुपात 90 से अधिक है यानी सोने की तुलना में चांदी की कीमत काफी कम है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 16 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जहाँगीर के शासनकाल में गुरु अर्जुन देव को 1606 को लाहौर (पाकिस्तान) में भयंकर यातना देकर मार डाला गया।
- स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ 1779 में जंग का आगाज कर दिया।
- नेपोलियन ने 1815 में नीदरलैंड में लिग्नी की लड़ाई में प्रूसिया को पराजित किया।
- मोरार का युद्ध 1857 में समाप्त होता है।
- प्रथम भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई 1858 में लड़ी गई।
- ऑस्ट्रिया और हंगरी ने 1881 में सर्बिया के साथ सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।
- अमेरिका में दूसरा मैडिसन स्क्वॉयर गार्डन 1890 को खोला गया।
- नॉर्वे के रोल्ड अमंडसेन ने 1903 में कनाडा के द्वीपों को पार अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले समुद्री मार्ग की खोज की। इस रास्ते को नॉर्थवेस्ट पैसेज कहते हैं।
- फोर्ट मोटर कंपनी 1903 में चालू हुई।
- चीन में वमपोआ सैन्य अकादमी की स्थापना 1924 में हुई।
- इंग्लैंड के खिलाफ 1924 को एजबेस्टन में पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम पहली पारी में सिर्फ 30 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने मैच पारी और 18 रन से जीता था।
- 26 वर्षीय रूसी महिला 1963 में लेफ्टिनेंट वलेंटीना तेरेशकोवा अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाली दुनिया की पहली महिला थीं।
- दक्षिण अफ्रिका के टोएटा में दस हजार काले स्कूली छात्रों ने 1976 में अपनी खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा के खिलाफ तथा अपनी भाषा में बात करने के अधिकार के लिए लगभग आधा मील लंबा प्रदर्शन किया। इसमें सौ से अधिक छात्रों को गोली मार दी गई तथा हजार से अधीक घायल हो गए।
- 'डायना-ए ट्रू स्टोरी' के नाम से प्रकाशित किताब में 1992 में बताया गया कि डायना ने पिछले दस साल में कई बार आत्महत्या करने की कोशिश की।
- अल्जीरिया में 1997 को हुए नरसंहार में 50 लोगों की मृत्यु हो गई।
- थांबो म्बेकी दक्षिण अफ्रीका के दूसरे राष्ट्रपति 1999 में चुने गए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बुश की पांच दिवसीय यूरोप यात्रा रूस में समाप्त, पुतिन ने 2001 में अमेरिकी प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम का विरोध किया।
- सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगातार सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला 2007 में बनीं।
- एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए शिल्पा को 2007 में सिल्वर स्टार अवार्ड से नवाजा गया।
- उत्तर प्रदेश राज्य वित्त मंत्रालयों का एक पैनल पेट्रोलियम ईंधनों पर बिक्रीकर में कटौती पर 2008 को सहमत हुआ।
- मशहूर शायर वसीम बरेलवी को प्रथम फ़िराक़ गोरखपुरी पुरस्कार 2008 में प्रदान किया गया।
- विश्व में इस्पात बनाने की सबसे बड़ी कम्पनी आर्सेलर मित्तल ने 2008 में अमेरिकी कम्पनी बंभू स्टील का अधिग्रहण किया।
- प्रमुख माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ़ प्रचंड को नेपाल में शान्ति के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान डॉक्टर दिली रमण रेगमी राष्ट्रीय शांति पुरस्कार 2008 में प्रदान किया गया।
- छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की स्थापना 1983 में हुई।

विशेष आलेख

# युद्ध के साये में तिलमिला रही दुनिया

**आज पूरी दुनिया बारूद के ढ़ेर पर खड़ी हुई है और ऐसा नज़र आता है कि आज विश्व में हर तरफ आग, बारूद और युद्ध का साया मंडरा रहा है। वास्तव में यह मानवता पर एक बड़ा खतरा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि दोनों कट्टरपंथी देशों ईरान और इजरायल में आपसी तनातनी के साथ ही अब विश्व में तीसरे विश्व युद्ध की आहट शुरू हो गई है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान पर एक बड़े सैन्य ऑपरेशन 'राइजिंग लॉयन' के तहत हवाई हमला किया।**



सुनील कुमार महला

ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में दर्जनों इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु ठिकानों, मिसाइल कारखानों और टॉप सैन्य कर्मियों को निशाना बनाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस हमले में ईरान के छह शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों सहित कई सैन्य कमांडर मारे गए। दूसरी तरफ, ईरान ने भी एक नई सैन्य रणनीति अपनाते हुए सीरिया और इराक़ में मौजूद इज़राइली ठिकानों को टारगेट किया है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरानी ड्रोन और मिसाइलों ने गुप्त सैन्य अड्डों को निशाना बनाया, जिनमें से कुछ पर भारी क्षति की पुष्टि हुई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ईरान-इजरायल के एक दूसरे पर हमलों से पश्चिम एशिया में संघर्ष का एक और मोर्चा खुल गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि मध्य पूर्व में हालात बहुत गंभीर होते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय यूनियन, ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। इज़राइल के भीतर भी सुरक्षा विशेषज्ञों ने चेताया है कि अगर यह युद्ध जारी रहा तो यह फुल-स्केल रीजनल वॉर में बदल सकता है। कहा जा रहा है कि ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के प्रविधानों का उल्लंघन किया है। जानकारी के अनुसार ईरान यूरेनियम का शोधन कम करने के लिए तैयार नहीं है। यह माना जा रहा है कि इजरायल इन हमलों के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बाधित करना चाहता है, जिससे उसे परमाणु हथियार बनाने से रोका जा सके। नतांज स्थित परमाणु संयंत्र को विशेष रूप से निशाना बनाया गया, क्योंकि यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम का केंद्र है।हालांकि, ईरान ने परमाणु हथियार बनाने की बात से इनकार किया है और इजरायल पर आक्रमण और तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। ईरान ने हिजबुल्लाह और हमास जैसे आतंकी गुटों के जरिए गहरा रीजनल नेटवर्क तैयार किया और इन गुटों को इजरायल अपनी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा मानता है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि यह बात कही जा रही है कि ईरान का परमाणु हथियार हासिल करने का कार्यक्रम अब अपने निर्णायक और अंतिम दौर में पहुंच चुका है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु संवर्धन पर निगरानी रखने वाली एजेंसी ने अपनी हालिया एक रिपोर्ट में यह बात कही है कि ईरान के पास 408 किलो यूरेनियम का ऐसा भंडार है, जो कि 60 फीसदी तक संवर्धित है। वहीं, 133 किलो यूरेनियम 50 फीसदी तक संवर्धित है। यहां यह गौरतलब है कि परमाणु हथियार बनाने के लिए यूरेनियम के 90 फीसदी संवर्धन की जरूरत होती है। वहीं नेतन्याहू का यह दावा है कि इस वक्त ईरान के पास जितना संवर्धित यूरेनियम है, वो नौ परमाणु बन बनाने के लिए पर्याप्त है। वास्तव में यह कहा जा रहा है कि इसमें से एक तिहाई का उत्पादन पिछले तीन महीने में ही किया गया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि नेतन्याहू ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करके अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का यह साफ कहना है कि इस अभियान को शुरू करने का मकसद ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना है। दोनों देशों के बीच युद्ध को थामने के लिए अबअंतरराष्ट्रीय अपीलें शुरू हो चुकी हैं और ब्रिटेन के साथ ही भारत ने भी शांति की मांग की है। दरअसल, भारत दोनों ही देशों ईरान और इजरायल का मित्र राष्ट्र है। भारत दोनों देशों के बीच हुए इस टकराव को लेकर %बेहद चिंतित% है और उसने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है और भारत इन दोनों के बीच तनाव कम करने के लिए हरसंभव प्रयास भी कर रहा है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि दोनों देशों के बीच तनाव के कारण कहीं न कहीं भारत पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। दरअसल, ईरानी एयरस्पेस के बंद हो जाने के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर इसका प्रभाव पड़ा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार दिल्ली से यूरोप और अमेरिका की उड़ानों को अब वैकल्पिक रूटों से होकर जाना पड़ रहा है। एयर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियों को अपनी 16 फ्लाइटों के मार्ग बदलने पड़े हैं। इससे यात्रा का समय बढ़ने के साथ-साथ संचालन खर्च में भी वृद्धि हुई है। यह बहुत ही दुखद है कि दोनों देशों के बीच %जहन्नुम बना देंगे वर्सेज जला देंगे तेहरान% जैसी डायलॉगबाजी हो रही है और इधर अमेरिका %डील-डील% का खेल,खेल रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी दोनों देशों के बीच घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने टुथ सोशल पर यह पोस्ट कर ईरान को चेतावनी दी है कि यदि उसने अब भी परमाणु समझौते की ओर कदम नहीं उठाया तो %कुछ भी नहीं बचेगा%। उन्होंने आगे कहा कि %अमेरिका और इजरायल मिलकर आगे और भी क्रूर हमले कर सकते हैं।% वास्तव में उनका यह बयान अंतरराष्ट्रीय तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।व्हाइट हाउस ने इशारा दिया है कि अगर हमला परमाणु सुविधाओं तक सीमित नहीं रहता, तो अमेरिका %डायरेक्ट इन्वॉल्वमेंट% की योजना बना सकता है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इस संघर्ष का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों और क्षेत्रीय व्यापार पर पड़ा है। तेल की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है, जिससे वैश्विक बाजारों में चिंता है। दोनों देशों के बीच शांति को लेकर ईरान की राजधानी तेहरान और इज़राइल के तेल अवीव में हजारों लोगों ने प्रदर्शन भी किए हैं। बहरहाल, इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल खड़े कर दिये हैं कि क्या हम 21वीं सदी में विकास की ओर बढ़ रहे हैं या विनाश की ओर ? आज संपूर्ण विश्व विनाश के मुहाने पर खड़ा हुआ है। जिधर देखो उधर संघर्ष और युद्ध की आग फैली हुई है।कोई हथियारों की अंधी दौड़ में लगा है तो कोई अपनी विस्तारवादी नीतियों को अंजाम देने में लगा हुआ है। युद्ध किसी भी देश को बहुत साल पीछे धकेल देते हैं और विनाश को जन्म देते हैं। आज विश्व में पहले से ही बहुत सी समस्याएं मौजूद हैं,जिनका विश्व लगातार सामना कर रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष माता अहिल्याबाई होल्कर के स्वप्नों को साकार करती सरकार



नेहा बग्गा

**पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से लेकर 2025 तक के 11 वर्षों में भारत में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा, गति और व्यापकता मिली है। उनके शासन में न केवल महिलाओं के लिए योजनाएं बनाई गईं, बल्कि उन्हें नीति निर्माण, प्रशासन, खेल और समाज के हर क्षेत्र में भागीदारी देने का प्रयास भी किया गया। यह शासन शैली देवी अहिल्याबाई होल्कर जैसी दूरदृष्टि और न्यायप्रियता से प्रेरित लगती है - जिनका प्रशासन महिला कल्याण, सामाजिक न्याय और सेवा भावना का प्रतीक था।**

**महिला आरक्षण,निर्णय जो इतिहास बना :** 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम रहा। इस कानून के अंतर्गत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। इस निर्णय ने दशकों से लंबित एक मांग को पूरा किया और लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने का सार्थक प्रयास किया।

**महिला कल्याणकारी योजनाएं और उनका प्रभाव :** प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में अनेक योजनाएं शुरू की गईं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिला।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ :** बालिकाओं के अस्तित्व और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान 2015 में शुरू हुआ। इससे लिंगानुपात में सुधार और बालिका शिक्षा में वृद्धि देखी गई।

**उज्ज्वला योजना :** गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। इससे उनके स्वास्थ्य और समय की बचत हुई।

**जन धन योजना :** महिलाओं को वित्तीय समावेशन के तहत बैंक खाते मिले, जिससे वे आर्थिक रुप से मजबूत हुईं।

**सुकन्या समृद्धि योजना :** बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक उच्च ब्याज दर वाली बचत योजना बनाई गयी जिसके परिणाम भी अब दिखाई देने लगे हैं।

**मातृत्व वंदना योजना :** इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य लाभ के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है । जिससे वे स्वयं स्वस्थ रहते हुए स्वस्थ संतान को जन्म दे सकें।

**सेवा और प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी :** मोदी सरकार ने नौकरशाही, सैन्य सेवाओं और पुलिस बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है। अग्निपथ योजना के तहत महिलाओं को भी सैन्य सेवाओं में अवसर दिया गया। सीआरपीएफ और बीएसएफ में महिला बटालियनों की तैनाती की गई। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से महिला अधिकारियों को प्रशासनिक कौशल में प्रशिक्षण और उन्नति के अवसर मिल रहे हैं। कई राज्यों में महिला पुलिस स्टेशन, महिला हेल्पलाइन और फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन महिला सुरक्षा के उद्देश्य से किया गया है।

**खेलों में महिला शक्ति का उदय :** प्रधानमंत्री मोदी ने खेलों में भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक कहा। मीराबाई चानू, पीवी सिंधु, साक्षी मलिक, लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ नई पीढ़ी की कई महिला खिलाडियों को हर मंच से सराहना मिली और उन्हें समर्थन मिला।

**देवी अहिल्याबाई की परंपरा का विस्तार :** अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में नारी सम्मान, जनहित और धर्मनिष्ठ सेवा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने न केवल मंदिरों व सड़कों व धर्मशालाओं का निर्माण किया, बल्कि वंचितों को भी सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास किया।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



चेतना भाटी
( डिप्टी एसपी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं राजस्थान पुलिस सेवा की अधिकारी चेतना भाटी जी। 28 नवंबर 1971 को जोधपुर में जन्मी चेतना जी शुरू से चेतन मन के स्वरूप को जानने लगी। बीएससी बीएड़ के बाद एमए इतिहास और एम ए अंग्रेजी साहित्य के साथ करने के बाद भी पढ़ाई कम लगी और एलएलबी किया और आज एलएलएम कर रही हैं (अध्ययनरत) डिप्लोमा कर रही हैं साईबर लॉ पर। पति श्री हनुवंत सिंह भाटी भी राजस्थान पुलिस में अपनी सेवाए दे रहे हैं। आजकल चेतना भाटी की पोस्टिंग उदयपुर है। कुकिंग व संगीत में बेहद रूचि है।

वर्ष 1996 से पुलिस विभाग राजस्थान में कार्यरत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागृत किया। यही नहीं बेहतरीन पढ़ने के साथ लिखने का भी शौक रखती हैं। .चेतना स्वयं की गरिमा के प्रति सजगता (पुस्तिका)नि: शब्द प्रेम (साझाकाव्य) प्रकाशनाधीन कृतियां : खाकी हूं मेरी शान देख हिंदी प्रचार के लिए किए गए उगेखनीय योगदान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन की रचना की। शिक्षा के क्षेत्र में आपके द्वारा किया गया उल्लेख योगदान लिखें लेखों,भाषणों, व्याख्यानों के माध्यम से जन जाग्रति हुई है। आपने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अनेकों सम्मान/पुरस्कार प्राप्त किए हैं। जैसे मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा 15 अगस्त पर पुरस्कृत, महानिदेशक राजस्थान पुलिस द्वारा डीजीपी डिस्क, महानिदेशक आपदा पदक , महानिदेशक राजस्थान पुलिस द्वारा डीजीपी डिस्क दोबारा, इंदिरा शक्ति पुरस्कार जिला स्तर , जिला युवा पुरस्कार, जिला स्तर पर खेल के लिए सम्मानित गणतंत्र दिवस पर, जिला स्तर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित , अखिल भारतीय वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, अंबेडकर कीर्ति पुरस्कार, राष्ट्रीय गौरव सम्मान पुरस्कार , आजादी का स्वर्ण जयंती पदक 50 वर्ष, आजादी का स्वर्ण जयंती पदक 75 वर्ष, भारत के लगभग सभी प्रतिष्ठित मीडिया समूह द्वारा पुरस्कार , भारत की कई सामाजिक संस्थाओं के द्वारा पुरस्कार, अखिल भारतीय वाद विवाद प्रतियोगिता विजेता, अब तक प्राप्त मुख्य उपलब्धि ये रहीं कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन की रचना की। शानदार अधिकारी हैं खासकर उन पीड़ित महिलाओं के लिए जिन्हे अशिक्षा व गैरजागरूकता के कारण न्याय नहीं मिल पाता। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

## 2025_040
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | | 1 | 2 | 6 | 4 | |
| | 1 | | | | 3 | 2 | | 8 |
| | 2 | | 4 | 5 | 6 | | 3 | |
| 1 | | | | 6 | | 8 | | |
| | | | 2 | 7 | 8 | | | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | | 8 | |
| 9 | | 3 | 1 | | | | 6 | |
| | 8 | 2 | 6 | 4 | | 3 | 1 | |

Ans_2025_039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 7 | 8 | 1 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 9 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 8 | 2 | 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े इन्वेस्टमेंट को करने के लिए भी अच्छा रहेगा। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपके कामों में यदि कुछ कठिनाईयां आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**वृष**
आज का दिन आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप बेवजह किसी वाद-विवाद में ना पड़ें और आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे। आपको अधिकारियों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपसे कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए चिंताओं से मुक्ति दिलाने वाला रहेगा। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे। आप कार्यक्षेत्र में काम को लेकर कोई पार्टनरशिप कर सकते हैं। उत्तम अवसर भी मिलेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप किसी से कोई उधार का लेनदेन ना करें और आपको खर्च करने से भी बचना होगा, क्योंकि आपका बजट बिगड़ सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके बिजनेस की यदि कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। इन्वेस्ट करने का मौका मिले, तो आप दिल खोलकर कर सकते हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कुछ विशेष व्यक्तियों से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बिजनेस के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उनके बॉस उनके कामों की सराहना करेंगे। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। धन प्राप्ति के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होगी। जीवनसाथी के करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। आप उसमें पुराने गिले शिकवे ना उखाड़ें, तो यह आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दान-धर्म के कार्यों में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, लेकिन आपकी किसी संपत्ति को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, उसमें आपको जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए व्यापार में अच्छी सफलता लेकर आने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी।

# भजनलाल सरकार ने बदल दी मंत्री किरोड़ी मीणा की एक पहचान

- खोहरा मुल्ला गांव अब मनोहरपुर के नाम से जाना जाएगा।
- राजस्व विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की।

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/दौसा( राकेश शर्मा )।** राजस्थान की भजन लाल सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दौसा जिले के प्रसिद्ध खोहरा मुल्ला गांव का नाम बदलकर मनोहरपुर कर दिया है। इस बदलाव के साथ ही कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, महुआ विधायक राजेंद्र मीणा, भाजपा नेता जगमोहन मीणा और पूर्व मंत्री गोलमा देवी के ससुराल का गांव अब मनोहरपुर के नाम से जाना जाएगा।

### राजस्व विभाग ने जारी की अधिसूचना

राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग ने शासन उप सचिव हरि सिंह मीणा के हस्ताक्षर से एक अधिसूचना जारी कर खोहरा मुल्ला गांव का नाम बदलकर मनोहरपुर करने की घोषणा की है। और अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि अब इस गांव को सभी आधिकारिक अभिलेखों में मनोहरपुर के नाम से दर्ज किया जाएगा। और दौसा कलेक्टर को अभिलेखों में नाम संशोधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### खोहरा मुल्ला : एक चर्चित गांव

खोहरा मुल्ला गांव दौसा जिले में अपनी खास पहचान रखता है। यह कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का जन्मस्थान है। इसके अलावा, वर्तमान महुआ विधायक राजेंद्र मीणा, हाल ही में दौसा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे जगमोहन मीणा और पूर्व मंत्री गोलमा देवी का ससुराल भी यही गांव है। इस गांव की प्रसिद्धि और इसके प्रमुख व्यक्तियों के कारण यह निर्णय और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

### नाम परिवर्तन के पीछे का कारण

गांव का नाम बदलने के पीछे कई कारण माने जा रहे हैं। खोहरा मुल्ला नाम से यह गांव मुस्लिम बहुल प्रतीत होता था, जबकि यहां मीणा समुदाय की आबादी अधिक है। लंबे समय से गांव का नाम बदलने की मांग चल रही थी। नया नाम मनोहरपुर रखे जाने के पीछे संभावना जताई जा रही है कि यह निर्णय डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के पिता स्व. मनोहर लाल मीणा को सम्मान देने के लिए लिया गया है।

विमान दुर्घटना में दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

# संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम : डॉ. हेमंत शर्मा ने गिनाई केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** संकल्प से सिद्धि तक अभियान के अंतर्गत मित्रपुरा मंडल द्वारा घाटा नैनवाड़ी स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा नेता डॉ. हेमंत शर्मा ने भाजपा सरकार के पिछले ग्यारह वर्षों में हुए जनहित के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ सीधे आमजन को मिला है। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना और डिजिटल इंडिया प्रमुख हैं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चलते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज सरकार की पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता के कारण सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँच रही है। इससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगी है और आमजन को वास्तविक लाभ मिल रहा है।

भाजपा नेता ने यह भी कहा कि इन योजनाओं ने न केवल आर्थिक मजबूती प्रदान की है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवाओं को अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएँ और जागरूकता फैलाएँ, ताकि कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पोसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हंसराज, सरपंच गिर्राज सहित मंडल के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना त्रासदी में दिवंगत हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




# नागरिकों की देखभाल अब केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि कानूनी दायित्व भी है : जलुथरिया

## परमार्थ सेवा संस्थान वृद्धाश्रम, निवाई में वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान एवं उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में निवाई स्थित परमार्थ सेवा संस्थान वृद्धाश्रम में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने वृद्धजनों से संवाद कर नालसा वरिष्ठ नागरिक योजना 2016 हेल्पलाइन नंबर 15100, एवं भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 की जानकारी साझा की। जिसमें वृद्धजनों को मिलने वाली विधिक सहायता, देखरेख और भरण-पोषण के अधिकार तथा उनके विरुद्ध हो रहे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के विरुद्ध उपलब्ध उपायों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की व्यक्तिगत समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के तहत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा दल डॉ. लवेष कटेवा, नर्सिंग अधिकारी राजेश सिंह, रामजीलाल एल. टी. एवं फार्मासिस्ट आराधना सैनी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच, ब्लड प्रेशर, मधुमेह सहित कई प्रकार की जांच की गई। इस दौरान आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। साथ ही समाज कल्याण विभाग के सहयोग से वृद्धजनों की पेंशन संबंधी अड़चनों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी व प्रक्रिया भी मौके पर की गई। इस अवसर पर विधिक जागरूकता दल के सदस्य बुद्धराम चौधरी ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, विधिक सहायता हेतु उपलब्ध संसाधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल अब केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि कानूनी दायित्व भी है।




कार्यक्रम में वृद्धजनों ने प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सराहना की और भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए। कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि उन्हें पहली बार ऐसा लगा कि समाज और व्यवस्था उनके अधिकारों के प्रति जागरूक है और उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा परमार्थ सेवा संस्थान वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक श्यामसुन्दर व उनकी टीम द्वारा की जा रही निस्वार्थ सेवा को सराहा एवं किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा पूर्ण सहयोग दिए जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# नीट 2025 : कुहू इंटरनेशनल एकेडमी की छात्रा हर्षिता अग्रवाल ने प्राप्त किए 572 अंक



बढ़ता राजस्थान

### एकेडमी के 6 विद्यार्थियों का चयन

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष नये आयाम स्थापित करने वाले एवं प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के 6 विद्यार्थियों का नीट परीक्षा में चयन हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा -2025 में एकेडमी के टारगेट बैच में अध्यनरत छात्रा हर्षिता अग्रवाल पुत्री विष्णु अग्रवाल ने 572 अंक के साथ 438 कैटेगिरी रैंक प्राप्त की है। एकेडमी के एच ओ डी भूपेन्द्र केवट ने बताया कि इस वर्ष एकेडमी में 13 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा दी, इनमें से 6 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई कर एकेडमी का एवं अपने घर वालों का नाम रोशन किया। और साथ ही बताया कि सफल विद्यार्थियों में हर्षिता अग्रवाल पुत्री विष्णु अग्रवाल, मनीष वर्मा पुत्र वेद प्रकाश, पलक शुक्ला पुत्री मनोज कुमार शर्मा, प्रिया प्रजापत पुत्री प्रीतम कुमार प्रजापत, राहुल बैरवा पुत्र बलराज बैरवा, जितेंद्र कुमार पुत्र गोपाल लाल रेगर ने सफलता प्राप्त की है।

डॉ शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा 2025 में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के नाम को एक बार फिर गौरवान्वित करने वाले विद्यार्थियों ने क्वालिटी वाइज शहर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर संस्कार से सफलता तक की यात्रा के मुख्य उद्देश्य को सार्थक किया है, और निदेशक महोदय ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं एकेडमी में मिठाई खिलाई गई एवं आतिशबाजी की गई एवं बताया कि कुहू इंटरनेशनल एकेडमी बच्चों की श्रेष्ठ शिक्षा व संस्कार के लिए समर्पित है।

# ज्योतिष भविष्य कथन में साधना जरूरी : तारा चंद शास्त्री

## निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में 50 विद्वानों ने पढ़ा 500 जातकों का भाग्य, कार्यक्रम में अहमदाबाद में विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी के.के.तिवारी ने बताया कि जयपुर के राजा पार्क स्थित माँ वैष्णो देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित पाटोत्सव सप्ताह कार्यक्रम में भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के विद्वानों द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशीर्वाद प्रदाता के रूप में काले हनुमान जी मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज थे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज ओझा अतिरिक्त आयुक्त औषधि नियंत्रक एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, खेरदा, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने कहा कि ज्योतिषियों को चाहिए कि सफल व सटीक भविष्य कथन के लिए साधना करना जरूरी है। तब ही सटीक भविष्य वाणी की जा सकती है। ऐसे में ज्योतिषियों के प्रति आम जन का विश्वास बढ़ेगा। मुख्य अतिथि हैरिटेज नगर निगम वार्ड 94 के पार्षद घनश्याम चंदलानी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. नरोत्तम पुजारी, पंडित बजरंग लाल शर्मा, डॉ.भरत महाराज ने अतिथियों का सम्मान किया गया। ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव व कार्यक्रम के संयोजक आचार्य पंडित ओपी शास्त्री ने बताया कि 14 जून को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक वैदिक ज्योतिष,टैरो कार्ड,अंक शास्त्र, हस्तरेखा,रमल शास्त्र, वास्तु शास्त्र, लाल किताब जैसी विभिन्न विधाओं के प्रख्यात विद्वानों-विदुषियों द्वारा अपने-अपने ज्योतिषीय ज्ञान व अनुभव के माध्यम से जनसाधारण की समस्याओं का निःशुल्क सटीक फलादेश कर सरल ज्योतिषिय उपाय बताये गए।



# कांग्रेस की रीतियो व नीतियो के अनुसार कार्य कर पदाधिकारी अपने कर्तव्यो का ईमानदारी से पालन करे : घासीलाल चौधरी

## मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के नए मंडल अध्यक्षो का सम्मान समारोह हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं मालपुरा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित समारोह में मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के सभी नए मंडल अध्यक्षो का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए विधानसभा चुनावो में कांग्रेस प्रत्याशी रहे भामाशाह व समाजसेवी घासीलाल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस संगठन की ओर जिन कांग्रेसजनो को मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन के प्रति जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे नए पदाधिकारी समर्पित भाव से कार्य कर ईमानदारी से निर्वहन करे। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस अभी प्रदेश में विपक्ष की भूमिका में है। ऐसे में सभी कांग्रेसजनो की जिम्मेदारी अधिक होती है। क्योंकि ऐसे समय में आम जन विपक्ष की ओर निगाहे लगाकर देखता है और आशा करता है कि विपक्ष की भूमिका अदा कर कांग्रेसजन आम जन को आ रहे समस्याओं से सरकार को अवगत करवा कर अपना धर्म निभाऐ। चौधरी ने सभी कांग्रेसजनो को एकजुट रहकर संगठन के प्रति ईमानदारी से कार्य कर अपने नैतिक दायित्व को ईमानदारी से निर्वहन करने का आव्हान किया। समारोह के दौरान कांग्रेस के सभी नए मंडल अध्यक्षो को संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण करवाया गया। साथ ही सभी मंडल अध्यक्षो का मालाऐं पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मालपुरा ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट, टोडारायसिंह ब्लाक अध्यक्ष एडवोकेट एम.इस्लाम, पूर्व डीआर किशनलाल फगोड़िया, डीआर छोगालाल गुर्जर, पूर्व पालिकाध्यक्ष आशा नामा, उपप्रधान मूलशंकर शर्मा, नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र व पीसीसी सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, रईस अहमद नकवी, शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी, पालिका में नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट हमीद, टीकम विजय सहित मालपुरा व टोडारायसिंह मंडलो से आए कांग्रेसजन मौजुद रहे। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद विमान हादसे में मृतको के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली दी गई।




# व्यवसायिक भूखण्डो के मुटाम किए गए



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा ई निलामी के जरिए जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे खाली जमीन पर ई निलामी के जरिए विक्रय जाने वाले सात व्यवसायिक भूखण्डो की नाप चोाख कर मुटाम किए गए। इस संबंध में पालिका के जयनाराण जाट ने बताया कि पालिका के ईओ व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में पालका द्वारा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे रोड किनारे सात व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी के जरिए विक्रय किया जाना है। जिसके लिए बीति देर शाम मौके पर पहुंच कर बेचे जाने वाले भूखण्डो की नाप जोखा की गई। साथ ही मुटाम लगाकर और पत्थरगढ़ी कर भूखण्डो की सीमाऐं निर्धारित की गई। इस दौरान पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता कनिष्क कुमावत,कनिष्क सहायक मोहित विजय, जमादार राजेश सहित पालिका के सफाई कर्मचारी मौजुद रहे। मौके पर सात व्यवसायिक भूखण्डो को पहले ही ई निलामी के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। अब सात ओर व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी के जरिए विक्रय करने के लिए निविदाऐं जारी कर दी गई है।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में रुक्मणी वृद्धाश्रम सवाई माधोपुर में विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता करते हुए आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर ने वृद्धजनों एवं वृद्धाश्रम स्टाफ को बताया कि इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार और उपेक्षा के बढ़ते मुद्दों पर प्रकाश डालना और इसे रोकने के तरीकों के बारे में लोगों को शिक्षित करना है।

बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एक गंभीर विषय है जिस पर ज्यादा चर्चा नहीं होती है। वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार के लक्षणों में मारपीट, भरण-पोषण और परिवार के सदस्यों या परिचितों से दूरी शामिल हैं। जिन बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, उनमें चिंता, अवसाद जैसे मनोवैज्ञानिक लक्षण भी हो सकते हैं। परित्याग भी बुज़ुर्गों के साथ दुर्व्यवहार का एक प्रकार है। यह तब होता है जब किसी बुज़ुर्ग व्यक्ति की देखभाल के लिए ज़िम्मेदार परिजन उन्हें छोड़ देते है। ज़्यादातर मामलों में, बुज़ुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के परिणामस्वरूप पीड़ित को मनोवैज्ञानिक क्षति होती है। और अगर आपका कोई परिचित वृद्धजन दुर्व्यवहार का शिकार है और किसी बुज़ुर्ग को खतरा है, और तो तुरन्त पुलिस या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करें।



# किया दीपदान



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा वंदे गंगा जल सरंक्षण अभियान के अन्तर्गत बम्ब तालाब में दीपदान किया गया। पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि राज्य सरकार के वंदे गंगा जल सरंक्षण कार्यक्रम को लेकर उपखण्ड अधिकारी व पालिका ईओ के निर्देशानुसार शहर वासियो को जल सरंक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से छतरेश्वर महादेव मन्दिर प्रागंण के सामने बम्ब तालाब में दीपदान किया गया। इस दौरान पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता कनिष्क कुमावत, कनिष्क सहायक मोहित विजय सहित अन्य कई शहरवासी मौजुद रहे।

# राजगढ़ बस स्टैंड अपनी बदहाली पर बहा रहा है आंसू और बस स्टैंड बंद होने से यात्रियों को हो रही है परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** राजगढ़ कस्बे का बस स्टेंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण राजगढ़ बस स्टैंड अब बंद हो चुका है। एक समय था जब यहां पर दो दर्जन से अधिक बसों के द्वारा अलवर, जयपुर, दिल्ली, महवा, बालाजी, महावीरजी आदि जगह की सीधी बस सेवा उपलब्ध थी। लेकिन आज यह बस स्टैंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर अब ना रोजगार रहा ना शोर शराबा रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजगढ़ बस स्टैंड पर सैकड़ों की संख्या में यात्री अपने गंतव्य तक जाने के लिए बस स्टैंड से राजस्थान रोडवेज में सफर करते थे। उस समय यहां हमेशा यात्री आते रहते थे। परन्तु आज एक भी यात्री यहां नहीं आता ना ही कोई बस यहां पर आती है। अब गंगाबाग से बसों का संचालन हो रहा है। जहां एक स्टाफ कार्यरत हैं। सर्व समाज हेल्प टीम के प्रकाश भाबला व राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि राजगढ़ से सैकड़ों लोग रैणी , मण्डावर, टहला, गोला का बास, दिल्ली, जयपुर, बांदिकुई, दौसा, अलवर, बालाजी का सफर करते हैं। रोडवेज बस स्टैंड पर बस उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को निजी वाहनों में सफर करना पड़ रहा है। बसें कोठी नारायणपुर बाईपास या टहला बाईपास होकर निकल जाती है जिसके कारण यात्रियों को निजी साधनों से सफर करना पड़ता है।





**राजगढ़ में बस डिपो बनना था लेकिन राजनीति की चढ़ा भेंट**

कस्बे के गणमान्य लोगों ने बताया कि राजगढ़ में बस डिपो मंजूर हुआ था। जिसके लिए पास में जमीन का आवंटन भी हो गया। परन्तु राजनीति उदासीनता के कारण बस डिपो भी नहीं बना और बस स्टैंड भी खत्म हो गया। यहां पर पहले अनेक कर्मचारी कार्यरत थे। परन्तु बस स्टैंड बंद होने से अब यहां कोई सार संभाल करने वाला नहीं है। राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि राजगढ़ बस स्टैंड पर पूर्व में सब डिपो संचालित होता था। रोडवेज को अच्छी राजस्व प्राप्ति होती थी। बस स्टैंड बंद होने से परिसर जीर्ण शीर्ण होकर बर्बाद होने की स्थिति में आ गया है।

**बस स्टैंड पर रात्रि को रहता है शराबियों का जमावड़ा :** यहां रहने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि बस स्टैंड के सामने शराब का ठेका होने के कारण बस स्टैंड के अंदर रात्रि के समय शराबियों का जमावड़ा रहता है। पहले लोग यहां शाम को घुमने आते थे परन्तु शराबियों के जमावड़े के कारण अब यहां आना बंद कर दिया है। यहां पर आवारा पशु विचरण करते हैं तथा निजी वाहनों का जमावड़ा रहता है। जिसके कारण यात्रियों को निजी वाहनों में महंगे किराए में सफर करना पड़ रहा है।

**इनका कहना**



राजगढ़ बस सब डिपो पुनः संचालित हो, राजगढ़ की जनता तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों की जनता को सार्वजनिक परिवहन का उचित लाभ मिले, शहर के नजदीक होने के कारण आमजन को सहज और सुलभ यात्रा हो सकें, इसके लिए रोडवेज सब डिपो पुनः संचालित होना चाहिए ताकि आमजन को लाभ मिल सके।

**वीरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी**



राजगढ़ बस स्टैंड बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। हमारी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं, स्कूल की बालिकाओं तथा आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजगढ़ बस स्टैंड को पुनः संचालन करवाने के लिए मैंने विधानसभा में मांग उठाई थी, परिवहन मंत्री व विभाग को पत्र लिखकर बस स्टैंड को पुनः संचालन करवाने व बसों का ठहराव करने के लिए लिखा है, पुनः विभागीय अधिकारियों व परिवहन मंत्री से मिलकर राजगढ़ बस स्टैंड को चालू करवाने के प्रयास करेंगे

**मांगेलाल मीना, विधायक राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़**

## बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बहरोड़ में पंद्रह दिनों में दूसरी सफल आर्थोपेडिक सर्जरी

**कोटपुतली से रेफर होकर आया था सीजर**



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बहरोड़ में डॉ विजय मंडोवरा , डॉ बीजल यादव, डॉ अर्चना श्रृंगी ,सुरेश सिंघाडिया एवं खुशेंद्र मेहरा पशु धन निरीक्षक तथा पशु प्रेमी अविनाश सैनी की टीम ने पंद्रह दिनों में ही दूसरी सफल आर्थोपेडिक सर्जरी कर क्षेत्र के पशुपालक एवं पशु प्रेमियों को राहत प्रदान की है,रविवार को सर्जरी के लिये कोटपूतली से एक पशु प्रेमी द्वारा लाए गए एक देशी डॉग सीजर पर की गई,सीजर की दुर्घटना में फीमर हड्डी टूट गई थी,जिसे कोटपूतली से बहरोड़ पशु चिकित्सालय में रेफर किया गया था। बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बहरोड़ के उपनिदेशक डॉ राजेश यादव ने बताया कि अब सत्तर अस्सी किलोमीटर दूर के पशु भी इलाज हेतु संस्था में आने लगे हैं एवं भविष्य में आधुनिक उपकरण संस्था को प्राप्त होने के पश्चात और सुविधाओं का विस्तार कर पशु पालकों को शासन एवं विभाग की मंशा अनुसार सभी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## 18वीं बार रक्तदान कर गर्भवती महिला की बचाई जिंदगी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** रक्तदान महादान है,यह हमने बहुत सी जगह पढ़ा जरूर है,लेकिन इस संदेश को वास्तविक रूप से फैलाने का कार्य बहुत कम लोग करते हैं। ये लोग अपना खून देकर दूसरों का जीवन बचाने की कोशिश करते हैं। इन्हीं लोगों में एक नाम है पुराना राजगढ़ निवासी दिनेश कुमार सैनी का जो कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला में शिक्षक के पद पर कार्यरत है,जो जरूरतमंदों को खून देने के लिए सबसे आगे खड़े रहते हैं। राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय अलवर में एक गर्भवती महिला अनीता को रक्त की जरूरत थी और दिनेश कुमार के पास जैसे ही कॉल आया तो वह एक कॉल पर रक्तदान करने के लिए अलवर हॉस्पिटल पहुंच गए और उन्होंने 18वीं बार रक्तदान कर गर्भवती महिला की जान बचाई। इससे पहले दिनेश सैनी 17 बार जरूरतमंद लोगों के लिए इमेरजेंसी में जाकर रक्तदान कर चुके है। इन्होने 800 से ज्यादा सोशल मीडिया के साथियों के सहयोग से नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन चलाते है। ये रक्तादाता समूह जरूरतमंद लोगों को इमेरजेंसी में एसडीपी और रक्तदान उपलब्ध करवाता है। पिछले वर्ष इनको राजस्थान सरकार के द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल-खेल में शिक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

## संयुक्त व्यापारी महासंघ एवं विजन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले रक्तदान ही महादान है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दान किए गए रक्त से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान करके हम पीड़ति मानवता की स%ची सेवा कर सकते हैं। जूली रविवार को संयुक्त व्यापारी महासंघ एवं विजन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं का हौसला अफजाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान सिर्फएक दिन नहीं बल्कि समय-समय पर करते रहना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आमजन के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सराहनीय पहल युवाओं के बीच सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावनाओं को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान न केवल जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा करता है बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, संयुक्त व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हरमीत सिंह मेंहदीरत्ता, विजन संस्थान से हिमांशु शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान नेक कमाई फाउण्डेशन के चीफ कॉडिनेटर युवा उघोगपति व समाजसेवी अभिषेक तनेजा ने भी रक्तदान कर युवाओं को संदेश दिया।

## मानव उत्थान सेवाश्रम में समर कैम्प का समापन तीन दिवसीय कैम्प में बच्चों ने सीखा नैतिक शिक्षा व आध्यात्मिक शिक्षा का ज्ञान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव उत्थान सेवा आश्रम गुलाब बाग में समर कैंप का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आवासीय कैंप में नन्हे मुन्ने बच्चों ने नैतिक संस्कार और आध्यात्मिक शिक्षा की जानकारी ली। मानव उत्थान सेवा आश्रम के पदाधिकारी ललित बेनीवाल ने बताया कि हर वर्ष नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए महाराज श्री सतपाल जी महाराज की अनुकंपा और कृपा से समर कैंप का आयोजन कर बच्चों में नैतिक संस्कार आध्यात्मिक शिक्षा और संस्कार जागृत करने हेतु आवासीय कैंप का आयोजन किया जाता है। रविवार को सभी बच्चों को सर्टिफिकेट वितरण कर कैंप का समापन किया गया। इस कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया मानव उत्थान सेवा आश्रम में साध्वी जी की देखरेख में और उनके निर्देशानुसार बच्चों ने ज्ञान लेने के साथ ही खूब आनंद किया।

## विश्व योग दिवस 21 जून 2025 के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य में ध्यान की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आयुर्वेद विभाग एवं हार्टफुलनेस मैडीटेशन सेंटर,अलवर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15 जून, रविवार को प्रात:काल 5:30 से विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य (आध्यात्मिक और भौतिक जीवन में संतुलन) में ध्यान की भूमिका विषय पर कार्यशाला हार्टफुलनेस मैडीटेशन सेंटरए अम्बेडकर नगर अलवर में आयोजित की गई। हार्टफुलनेस सेंटर के हेमनारायण सेन ने बताया कि विश्व योग दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'यादा से ज्यादा लोगों को ध्यान योग से जोड़ना हैए इसी उद्देश्य से आज का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यकम में ध्यान केंद्र से जुड़े सभी अभ्यासियों के अतिरिक्त आमजन ने भी भाग लिया। कार्यकम में संचालन डॉ राजेंद्र सिंह नरूका ने किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉ सुरेश कुमार वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशीला मीना एवं कल्पतरु योग संस्थान के योग प्रशिक्षक सोनल धाकड़ के नेतृत्व में करवाया गया।

जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बुध विहार अलवर के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.पवन सिंह शेखावत ने हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र से जुड़े सभी योग एवं ध्यान प्रेमी बंधुओं को विश्व योग दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करते हुए यो। के महत्व की जानकारी विस्तार से दीए डॉ.शेखावत ने बताया कि आयुर्वेद के अभिन्न अं। अष्टां।



यो। (यम नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) मनुष्य को स्वस्थ तन एवं मन प्रदान करने के साथ ही इस जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष का भी मार्। प्रशस्त करने में भी सक्षम है। हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र के डॉ अनुरा। सिंह चौहान ने आध्यात्मिक और भौतिक जीवन में संतुलन लाने में ध्यान की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## टीन का खोखा जलाने व पक्के निर्माण तोड़फोड़ का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित छाहरीन धाम हनुमान मंदिर के पास एक लोहे का खोखा जलाने व पक्के निर्माण तोड़फोड़ करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज हुआ। आमकीवाल राजगढ़ निवासी सरोज सैनी ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया कि उसकी जमीन छाहरीन धाम माचाड़ी मार्ग स्थित है। जहां शनिवार रात को वहीं थे तभी अचानक दीपक जैमन, होती लाल सैनी, सुखलाल, गिर्राज आदि साथ में 4-5 लोग लेकर आएं और मेरे साथ गाली-गलौच तथा छिना छपटी करने लगे। तथा बोले की कल सुबह दुकान खोलकर बताना। हमने रात को 2 बजे तक वहीं बैठ रहे उसके बाद हम घर पर आ गये। सुबह 5.30 बजे हमें सूचना मिली कि किसी ने आपकी दुकान में आग लगा दी तथा हमारे पक्के निर्माण को भी तोड़ फोड़ दिया है। सूचना पर हम वहां पहुंचे तो हमारा टीन से बना खोके में जो सामान था वो जलकर राख हो गया है जिसमें हमारा 3 लाख रुपए के सामान का नुक़सान हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिव्य भारत युवा प्रकोष्ठ ने की रक्तदाता दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** दिव्य भारत युवा प्रकोष्ठ के संयोजन में गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर पर आज सुबह 7:30 बजे अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉ श्रीमती सरोज गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों तथा किशोर उम्र के बालकों और युवाओं को संबोधित किया। डॉ सरोज गुप्ता जो कि सेठ मक्खनलाल महावर चैरिटेबल ब्लड बैंक की सेक्रेटरी भी हैंए ने रक्त दान करने के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि एक रक्तदाता तीन लोगों का जीवन बचाता है। डॉ.सरोज ने रक्त की संरचना, वर्गीकरण, रख रखाव एवं शरीर में रक्त के बनने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। जिला युवा संयोजक जितेंद्र यादव ने जीवन पर भोजन के प्रभाव की व्याख्या करते हुए बालकों को बाजारू, डब्बा बंद, बोतल बंद खाद्य पदार्थों के सेवन करने पर होने वाले नुकसानों तथा शाकाहार करने के लाभों पर प्रकाश डाला।

जिला समन्वयक सतीश बड़ाया ने जीवन में दान के महत्व की चर्चा की। मुकेश गुप्ता एवं आदर्श शर्मा ने रक्तदान के लाभए रक्तदान करने की प्रक्रिया तथा उपस्थित सदस्यों को शाकाहारी बनने तथा अपनी 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर रक्तदान करने का संकल्प कराया। ट्रस्टी राकेश सेठी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा शांतिपाठ करवाया।

## बाबा मोहन राम की 128 वी परिक्रमा का मनमोहक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** रविवार को बाबा मोहन राम की 128 वी परिक्रमा का मनमोहक आयोजन भारत विकास परिषद के तत्वाधान मे किया गया। इस परिक्रमा में शहर के परिषद के डॉ रूपसिंह जी द्वारा अनुरोध किया गया कि इस भीषण गर्मी में अपने घर द्वार के आसपास पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए। बाबा मोहन राम जागृति मंडल के सचिव अर्जुन गुप्ता ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना मैं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण ब घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना की भारत विकास परिषद के केंद्रीय पर्यावरण सदस्य श्री संजीव अग्रवाल ने बंदे गंगाजल संरक्षण में प्रशासन का सहयोग देने की अपील की बाबा मोहन राम जोहड रिचार्ज करने की प्राथमिकता को सराहा मंडल के वित्त सचिव अभय चौहान ने घरों में खाए जाने वाले फलों को संजीवनी तपोवन में बोने की अपील की। डा.मुकेश गोयल पर्यावरण संयोजक ने निशुल्क कपड़े के थैले बाट कर थैली छोड़ो थैला पकड़ो का संदेश दिया अमित नहाटा ने 21 जून को विश्व योग दिवस पर परिषद द्वारा वेदांता फार्म हाउस मैं सुबह 6ः00 बजे शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। परिक्रमा में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया !परिक्रमा में प्रदीप भेड़ी व शिवकुमार अग्रवाल , अन्नपूर्णा भंडार द्वारा चाय व शिकंजी का बहुत ही सुंदर प्रबंध किया गया भंडारे का आयोजन सौजन्य से मान संजय ठाकुर, आकांक्षा ठाकुर वी डी आई भिवाड़ी परिक्रमा में बाबा मोहन राम जागृति मंडल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर श्री सुरेंद्र यादव, राजकुमार सैनी, , विद्या गुसाई,धर्मवीर यादव, अवधेश यादव, कृष्णा, के के झा ,अनुप श्रीवास्तव,एन के अग्रबाल , बृजेश गुप्ता, , सविता सिंघल, नेहा गुप्ता, स्वाति गुप्ता, साधना यादव, अनीता, पूनम शर्मा, , सरिता ,पूजा,, हरिकिशन शर्मा अध्यक्ष भिवाड़ी व्यापार मंडल समिति, सत्यनारायण शर्मा, हरिप्रसाद गुप्ता, महेंद्र गुप्ता , अशोक कोशिश, हेमंत जोशी, कमलेश झा, डा. नितिन रस्तोगी प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख व शहर के काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे पौष्टिक खिचड़ी, डॉ.गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की पहल

**आगामी दिनों में अस्पताल में खिचड़ी बांटने की योजना**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर में कई संस्थाएं निशुल्क भोजन उपलबध करा रही हैं। ऐसे में डॉ.गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद को खिचड़ी खिलाई जा रही है। इस खिचड़ी में पौष्टिकता का ध्यान रखा जाता है जिससे उनमें किसी प्रकार की विटामिन की कमी नहीं रहे। अलवर में प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद इसका लाभ उठा रहे हैं। अलवर में पौष्टिक खिचड़ी वितरण अभियान की शुरूआत 2021-22 से की गई जिसमें एक वर्ष में 21 हजार 465, वर्ष 22.23 में 33 हजार 315, 23-24 में 9100 तथा 24-25 में 9 हजार 430 लोगों को खिचड़ी पहुंचाई गई। इस वर्ष में अब तक 1 हजार 810 लोगों तक खिचड़ी पहुंची है जबकि अब तक 75 हजार 120 लोगों को खिचड़ी वितरित की गई। पौष्टिकता का पूरा ध्यान:-डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ट्रस्टी मंजू चौधरी अग्रवाल कहती हैं कि हमारा मकसद पेट भरना नहीं है जबकि लोगों तक पोष्टिकता से परिपूर्ण खिचड़ी पहुंचाना है। जब शरीर में किसी प्रकार के विटामिन्स की कमी नहीं होगी तो बीमारियां कम होंगी। हमारा प्रयास है कि हम सभी कच्ची बस्तियों तक पहुंचे और जरूरतमंद लोगों तक इसका वितरण करें। इस बारे में समाजसेवी दौलत राम हजरती कहते हैं कि डा. गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट का यह अच्छा प्रयास है जिससे गरीब व जरूरतमंद लोगों को पोष्टिक आहार मिल रहा है। डा. गोपाल रॉय ट्रस्ट समाज सेवा के बहुत से कार्य कर रहा है जिनमें सेनेटरी नेपकिन वितरण,



रकतदान शिविर आयोजित करना, गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करना सहित कई सेवा भावी कार्य हैं।

## 7 का साथ रोटरी रक्तदान कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने रविवार को अपलिफ्ट सोशल हेल्प ऑल फाउंडेशन के सहयोग से बुर्जा, अलवर में रोटरी क्लब अलवर के स्थाई प्रकल्प 7 का साथ के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कुल 19 यूनिट का संग्रहण हुआ। आज के रक्तदान कार्यक्रम की सफलता के लिए हेल्प ऑल फाउंडेशन के चंद्र प्रकाश, विजय यादव, हितेश रावत, रूपचंद, राहुल यादव का बहुत बहुत आभार और बहुत बहुत बधाई । उल्लेखनीय है कि हेल्प ऑल फाउंडेशन पुराना सूचना केंद्र के बाहर सुबह और शाम दोनों समय जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन करवाती है। रविवार को भीषण गर्मी होने के बावजूद रक्तदाताओं का उत्साह देखने लायक था। आज के रक्तदान कार्यक्रम में 6 लोगों ने जीवन का प्रथम रक्तदान किया। रोटरी क्लब और हेल्प ऑल के पदाधिकारियों द्वारा सभी डोनर्स को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब से अध्यक्ष दीपक कट्टा ,सचिव मुकुंद गुप्ता कोषाध्यक्ष बी डी अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक विकास गुप्ता ने कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में सहयोग करने के लिए आदरणीय रक्तदाताओं का, हेल्प ऑल फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों का, रोटेरियन साथियों का और रोटरी ब्लड सेंटर के स्टाफ का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया।

## श्री 1008 श्री जगन्नाथ जी महाराज मेला व रथयात्रा महोत्सव

**23 को गणेश पूजन से होगा शुभारंभ**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री 1008 श्री जगन्नाथ जी महाराज मेला व रथयात्रा महोत्सव 2025 का शुभारंभ, दिनांक 23 जून सोमवार को प्रात: 8: 00 बजे श्री जगन्नाथ जी महाराज सुभाष चौक,अलवर के मंदिर प्रांगण में 'श्री गणेश पूजन के साथ होगा ।

जानकारी महंत श्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा अध्यक्ष, मेला कमेटी श्रीजगन्नाथ जी महाराज ने देते हुए बताया कि सभी सम्माननीय सदस्य, कार्यकर्ता एवं भक्तगण अधिकाधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें।

## कोटा मंडल ने दो माह में स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले 398 यात्रियों पर की करवाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में कोटा मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए यात्रियों को स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण प्रदान करने हेतु लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। स्टेशन परिसर एवं रेलगाड़ियों की नियमित सफाई के साथ-साथ यात्रियों को उद्घोषणाओं, पोस्टरों एवं अन्य माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है कि वे रेलवे परिसरों में गंदगी न करें, थूकें नहीं, खुले में कूड़ा न फेंकें तथा धूम्रपान से परहेज़ करें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि बार-बार चेतावनी और जागरूकता अभियान के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं। ऐसे मामलों में रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माना लगाया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल एवं मई 2025 के दो माह में कोटा मंडल में गंदगी फैलाने के कुल 398 मामलों में कार्रवाई करते हुए 79,600/- का जुर्माना वसूला। रेल प्रशासन इन व्यक्तियों से केवल जुर्माना नहीं वसूलता, बल्कि उन्हें स्वच्छता के महत्व और गंदगी से होने वाले नुकसान के बारे में भी समझाइश दी जाती है। ऐसे यात्रियों को यह बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन और रेलगाड़ियाँ सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनकी स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। कोटा मंडल रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और रेल प्रशासन के प्रयासों में सहभागी बनें। स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने हेतु रेल परिसर में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार को जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र चित्तौड़गढ़ द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर ने बताया कि जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इन प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल, खो-खो, रस्सा-कशी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एवं वॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले हुए, जिनमें लगभग 200 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने मानव श्रंखला बनाकर जल संरक्षण के प्रति अपनी संकल्पबद्धता दर्शाई।

सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से जल जागरूकता का नारा लगाया -जल है तो कल है यही मेरा संकल्प है, तथा इसे जीवन में आत्मसात करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान बास्केटबॉल के सचिव शैतान सिंह, कबड्डी के सचिव गुलजार खान, पावरलिफ्टिंग के सचिव रवि वैरागी उपस्थित रहे, इन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक पारस टेलर ने किया। इस आयोजन में आनंद सिंह, योगेन्द्र सिंह राणावत, महावीर वंजारा, प्रभु लाल गुर्जर, श्रीमती अंजली वारेसा, निर्मला राणावत, सुरभि वैष्णव, अनीशा झाला, अन्नु धाकड़, मोहित चौधरी, फरिद खान, सूर्यवीर सिंह राणावत, मधुसूदन वर्मा, विजय सिंह झाला, जितेन्द्र नायक आदि प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह आयोजन केवल खेल तक सीमित न रहकर, युवाओं में जल संरक्षण की भावना जागृत करने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल साबित हुआ।

## गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने किया जल अवसंरचनाओं का अवलोकन, तालाब पर किया श्रमदान, तुलसी पौध का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को बालोतरा जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल अवसंरचनाओं का सिवाना विधायक हम्मीर सिंह भायल, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी के साथ अवलोकन किया। गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव का एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। जल संरक्षण कार्यक्रम में उन्होंने पटाऊ खुर्द तालाब पर श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई, साथ ही तुलसी के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने नागणेची माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि अगली बार जब में आऊ तो यह तालाब जल से लबालब हो और इसे सुंदर बना कर एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करें।

### नागणेची माता की पूजा-अर्चना : क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना

गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह ने नागणेची माता मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ देवी का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में शांति, सुख और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थानों का महत्व केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि ये हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक भी हैं।

# शिक्षा मंत्री की सातलखेड़ी में मोहल्ला बैठक, पेयजल पाइपलाइन बदलने के लिए एक करोड़ के प्रस्ताव भेजे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा कोटा स्थित ग्राम पंचायत वार आयोजित की जा रही मोहल्ला बैठकों के क्रम में रविवार को सातलखेड़ी ग्राम पंचायत में विभिन्न बैठकें आयोजित की गई। पहली बैठक रामदेव जी मंदिर, सातलखेड़ी गांव में हुई। बैठक में ग्रामीणों ने मंत्री दिलावर को बताया कि पांच दिन में एक बार पानी आ रहा है। इस पर शिक्षा मंत्री ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता सोमेश मेहरा ने बताया कि पुरानी पाईप लाईन के जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने से है पानी की सप्लाई में समस्या हो रही है। शिक्षा मंत्री ने ग्रामीणों को बताया कि एक करोड़ रुपए के प्रस्ताव विभाग द्वारा भेज दिए हैं। शीघ्र प्रस्ताव स्वीकृत करवाकर पूरी पंचायत की पुरानी पाईप लाईन बदल कर नई पाईप लाईन डाली जाएगी।

### नाले की दीवार पक्की करने के निर्देश

मोहल्ला बैठक में किसानों ने बताया कि खेतों से होकर निकलने वाले नाले की दीवार कई जगह पक्की नहीं होने से पानी बह जाता है। दीवार दोनों तरफ पक्की हो जाए पानी खेतों में सिंचाई के काम आ जाएगा। इस पर श्री दिलावर ने संबंधित कंपनी के अधिकारी को निर्देश दिए कि नाले की पूरी दीवारें पक्की करवाई जाए। ग्रामीणों की मांग पर सातलखेड़ी गांव में मुख्य सड़क पर दो स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिए ताकि सड़क हादसों को रोक जा सके।

### वंदे गंगा जल अभियान के तहत साफ होगी तलाई

शिक्षा मंत्री की दूसरी मोहल्ला बैठक माता जी कि चौपाल पर हुई। बैठक में ग्रामीणों ने सातल खेड़ी की तलाई में अतिक्रमण एवं शौचालय का गंदा पानी तलाई में डाले जाने की शिकायत की। मंत्री के पूछने पर ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि सीमा ज्ञान के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। दिलावर ने बीडीओ को निर्देश दिए कि तलाई में जो नाले गिर रहे हैं,उन्हें बंद करते हुए और वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत पूरी तलाई की सफाई करवाई जाए। पांचवीं बैठक माताजी का चौक,यादव मौहल्ला, छठी बैठक काली माता मंदिर, नई बस्ती और सातवीं बैठक बाबा रामदेव मंदिर सातलखेड़ी पर हुई। शिक्षा मंत्री की 12 मोहल्ला बैठकें आयोजित हुई जिनमें शिक्षा मंत्री ने आमजन की समस्याएं सुनी और समाधान के निर्देश दिए।

### 5 लाख से बनेगा रामदेव नगर में नाला

तीसरी मोहल्ला बैठक सातलखेड़ी के रामदेव नगर में आयोजित हुई। बरसात में मोहल्ले में पानी भरने की समस्या पर मंत्री ने ग्राम विकास अधिकारी को पंचायत मद से 5 लाख की लागत से बड़ा नाला निर्माण कर बरसात के पानी के निकास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने तेजाजी मंदिर, हाट चौक में चौथी बैठक की। उपस्थित लोगों से मोहल्ले में प्रतिदिन साफ सफाई, झाड़ू लगाने और घर-घर से कचरा संग्रहण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी के पानी की बर्बादी रोकने और जल संरक्षण करने की अपील भी की।

# घर घर दस्तक देकर स्टेशन मण्डल कर रहा वार्ड सम्पर्क संवाद

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** विगत दिनों लोकसभा अध्यक्ष की प्रेरणा से स्टेशन मण्डल पर सम्पर्क संवाद का आयोजन किया गया था। उसी कड़ी में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के निर्देश पर अब भाजपा स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया के नेतृत्व में हर वार्ड में आमजन से सम्पर्क संवाद करते हुए सार्वजनिक समस्याओं को जान कर उन्हें लिखित में नोट किया जा रहा है। ततपश्चात इन समस्याओं को शीर्ष नेतृत्व के संज्ञान में लाकर उनके मार्गदर्शन में इनके निराकरण के प्रयास किये जायेंगे।

मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया ने बताया कि सदैव सेवा,समर्पण की भावना से कोटा-बूंदी के आमजन की छोटी से छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयत्न करने वाले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी का यही सपना है कि भाजपा का कार्यकर्ता सदैव आमजन के सम्पर्क में रहते हुए उनके सुख दुःख का भागीदार बने। मण्डल प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि स्टेशन मण्डल के 11 वार्डों में जारी इस संपर्क संवाद की कड़ी में खेड़ली फाटक में वरिष्ठ कार्यकर्ता निशा हाड़ा,मुरलीधर लोधा, वेदप्रकाश शर्मा द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वार्ड संख्या 27,48,65 का संपर्क संवाद आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा स्टेशन मण्डल पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। मण्डल महामंत्री दीपक खींची,निखिल शर्मा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जैन,गुरमीत सिंह रंधावा, कुलदीप कोर जांगिड़, विवेकानन्द शुक्ला, आशीष दिवाकर,ज्योति गोड मण्डल मंत्री गोपाल श्रीवास्तव,पवन शर्मा, प्रियंका गौतम,मुरलीधर लोधा, वर्षा सतवानी, मीरा पांडे,मन की बात प्रमुख नरेंद्र चौरसिया, महिला प्रमुख पदमा दीक्षित, प्रबुद्धजन प्रमुख लक्ष्मी नारायण गर्ग,युवा प्रमुख दीपक मेहरा, सोशल मीडिया प्रमुख हनुमन्त डागर,लाभार्थी प्रमुख सोमेश दाधीच सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आमजन से सम्पर्क संवाद कर जनसमस्याओं को एक निश्चित फॉर्मेट में भरा जा रहा है।

ताकि इनके निराकरण की दिशा में तीव्रता से प्रयास किया जा सके। हाई वोल्टेज के बाद डायलिसिस मशीन का पम्प जला किडनी मरीज़ों को फिर से कोटा-झालावाड़ जाने को हो सकते है मजबूर।

## तकनीकी सुरक्षा के इंतजामों की कमी से 15 दिन में ही खराब होने लगी मशीन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, रामगंजमंडी( प्रमोद राठौड़ )।** रामगंजमंडी के जिला अस्पताल में 29 मई गुरुवार को 21,50 लाख की लागत की दो डायलिसिस मशीन का शुभारंभ शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने किया था । इसके बाद 31 मई शनिवार को संजय नामक युवक की पहली डायलिसिस हुई थी। जिसके बाद 9 जून तक 8 मरीज़ों को डायलिसिस हो चुकी थी लेकिन 11 जून को डायलिसिस मशीन का पम्प हाई वोल्टेज आने से खराब हो गए। इसके बाद 15 जून को डायलिसिस मशीन पम्प को जले हुए 4 दिन होने के बाद भी डायलिसिस मशीन को चालू नहीं किया गया। जिसके कारण किडनी मरीज़ों को फिर से कोटा - झालावाड़ जाना पड़ रहा है । इसके बाद 31 मई से 9 जून तक 8 मरीज़ों को डायलिसिस हो चुकी थी। लेकिन 11 जून को हाई वोल्टेज आने के कारण पम्प जला गया। जिसके बाद से ही डायलिसिस मशीन बंद पड़ी है। इस कारण मरीजों को फिर से काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

**हाई वोल्टेज के कारण जली मशीन :** उच्च तकनीकी मशीनों को सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण क्यों नहीं लगाए गए।

**इनका कहना :** डॉ.प्रमोद कुमार ने बताया की हाई वोल्टेज के कारण डायलिसिस मशीन का पम्प जला गया था जिसे तत्काल ठीक कर दिया गया है जिससे डायलिसिस मरीज़ों को अब झालावाड़ कोटा नहीं जाना पड़ेगा।

## वंदे गंगाजल संरक्षण जल अभियान के तहत 16 जून (सोमवार) को व्यापक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के अंतर्गत 16 जून (सोमवार) को जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरियाली को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन (राजीविका) तथा स्थानीय निकाय विभाग के समन्वय से आयोजित होंगे। वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के तहत 16 नवीन अमृत सरोवरों का शुभारंभ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल संरक्षण को समर्पित अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया जाएगा। मनरेगा अंतर्गत जल संरचनाओं के 70 नवीन कार्यों का शुभारंभ, जल संग्रहण एवं संरक्षण की दिशा में स्वीकृत 70 कार्यों की शुरुआत तथा पूर्ण हो चुके कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत पौधारोपण के 41 कार्यों का शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण हेतु विविध स्थलों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 273 पंचायत पौधशालाओं का शुभारंभ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से गांव-स्तर पर पौध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पौधशालाएं प्रारंभ की जाएंगी। 800 जल स्त्रोतों की मैपिंग एवं स्वच्छता कार्य, गांवों में स्थित पारंपरिक व आधुनिक जल स्त्रोतों का दस्तावेजीकरण और सफाई का कार्य संपन्न होगा। 1400 सोख्ता गड्ढों की सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी को प्रभावी बनाने हेतु सोख्ता गड्ढों की व्यापक सफाई की जाएगी।

### कोटा श्रीनाथपुरम स्टेडियम में खेल सुविधाओं का शिलान्यास

## स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में मॉडल शहर बनेगा कोटा : बिरला

### लोकसभा अध्यक्ष ने किया श्रीनाथपुरम स्टेडियम में खेल सुविधाओं का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**सिंथेटिक वॉकिंग ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट और जिम हॉल के कार्यों की शुरुआत**



**कोटा (विनोद गौड़)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को श्रीनाथपुरम स्टेडियम में सिंथेटिक वॉकिंग ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट, फुटबॉल ग्राउंड, दर्शक दीर्घा और जिम हॉल के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। बिरला ने कहा कि स्टेडियम में जो मौजूदा सिंथेटिक ट्रैक हमारे एथलीट्स का अभ्यास स्थल है। जहां वे देश और प्रदेश के लिए मेडल लाने की तैयारी करते हैं। लेकिन आम नागरिकों की वॉकिंग जरूरतों को देखते हुए ट्रैक की आउटर साइड में एक अलग सिंथेटिक वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास में कोई बाधा न आए और नागरिकों को भी विशेष सुविधा मिल सके।

**डेडिकेटेड स्पोर्ट्स सिटी की दिशा में कार्य योजना शुरू :** स्पीकर बिरला ने कहा कि कोटा आने वाले वर्षों में खेल सुविधा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएंगा। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कोटा मॉडल शहर के रूप में विकसित हो इसके लिए कोटा में डेडिकेटेड स्पोर्ट्स सिटी की दिशा में कार्य प्रारंभ किया गया है। इस स्पोर्ट्स सिटी में एक ही छत के नीचे सभी खेलों की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खेल और खिलाड़ियों दोनों का सम्मान और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। इस दौरान विधायक संदीप शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, केडीए आयुक्त ऋषभ मंडल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## पिछले 11 वर्षों में देश के प्रत्येक क्षेत्र में स्थापित हुए विकास के नए आयाम : ऊर्जा राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी,( नि.स. )।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचे, यही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने यह बात रविवार को नैनवां उपखंड क्षेत्र के जजावर गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्यमंत्री श्री ओटाराम देवासी, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा भी उपस्थित थें। हीरालाल नागर ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र निर्धन परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा हैं। उन्होंने पिछले 11 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि देशव्यापी स्वच्छता अभियान से हर क्षेत्र स्वच्छ हुआ है और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों के पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। उन्होंने किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 6 हजार रुपये और राज्य सरकार द्वारा 3 हजार रुपये की राहत किसानों को दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य सरकार इस राशि में बढ़ोतरी करेगी, जिससे आम जन को और राहत मिल सकेगीं। नागर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश सुरक्षित हुआ है और आतंकवाद का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गई है और प्रधानमंत्री के प्रयासों से 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने अंत में कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर लोगों को राहत पहुंचाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस दौरान नैनवां उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा, तहसीलदार नैनवां राम राय मीणा, सीएमएचओ डॉ ओपी सामर, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग के. के. शुक्ला सहित आमजन मौजूद रहें।



### लड़की को भगा ले गया, पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही

## जनसुनवाई में फिर आया लड़की को भगा ले जाने वाला मामला




बढ़ता राजस्थान

**सातलखेड़ी/रामगंजमंडी।** सातल खेड़ी में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा की जा रही मोहल्ला बैठकों की क्रम में चौथी बैठक तेजाजी मंदिर,हाट चौक, सातल खेड़ी में आयोजित की गई। बैठक में लक्ष्मी पत्नी गोपाल यादव निवासी माधोपुर कॉलोनी, रामगंजमंडी ने गुहार लगाई कि 8 अप्रैल 2025 को मेरी पुत्री काजल को राजू यादव निवासी पानी की टंकी के पास सुकेत रोड,रामगंजमंडी के सहयोग से योगेश पुत्र प्रेम व कल्लू पुत्र अन्नू भाई निवासी गरीब नवाज कॉलोनी तथा लकी यादव पुत्र नाथू लाल यादव निवासी गरीब नवाज कॉलोनी जबरन अपने साथ ले गए। मैंने इसकी पुलिस में रिपोर्ट 9 मई 25 को दर्ज करवाई है। पुलिस अभी तक लड़की को बरामद करके नहीं लाई है। मेरी पुत्री को बरामद कराया जाए। मंत्री श्री दिलावर ने बैठक में उपस्थित उपखंड अधिकारी नीता बासिटा को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटा ग्रामीण के पुलिस महकमें की असंवेदनशीलता है या कुछ ओर पंचायती एवं शिक्षा मंत्री की आम सभाओं और जनसुनवाईयों में प्रमुख रूप से महिलाओं और लड़कियों के घर से भागने की शिकायत लगातार आ रही है। चार दिनों पूर्व चेचक में जनसुनवाई के दौरान ऐसा ही एक अजीबोगरी मामला सामने आया जब एक पिता अपने दो बच्चों को साथ लेकर जनसुनवाई में पहुंच गया और पत्नी के घर छोड़कर चले जाने साथ मे जेवर ले जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने से शिकायत लेकर कार्यक्रम में पहुंच गया था।

# भारतीय जनता पार्टी के विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत भिनाय मण्डल की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय में मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओ से वाकिफ हूं। इनके मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा। वे रविवार को भिनाय में कुण्ड के बालाजी के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत भिनाय मण्डल की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि ईमानदारी के साथ क्षेत्र के विकास के लिए एमएलए फण्ड का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वित्तिय वर्ष में मसूदा में 6 करोड़ व भिनाय में 4 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत किए है। इसके साथ भिनाय व बांदनवाड़ा में अटल पथ भी स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पिछले 11 वर्ष की केंद्र सरकार की मुख्य उपलब्धियां जिसमे मुख्य रूप से धारा 370 हटाना, राम मंदिर के निर्माण का कार्य, वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन सहित विभिन्न उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, तीन तलाक, सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक,ऑपरेशन सिंदूर जैसी अनेक सरकार की उपलब्धियां पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, आज पूरे विश्व में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, यह मोदी के ही नेतृत्व का कमाल है कि त7 की मीटिंग में सदस्य नहीं होते हुए भी आयोजक देश कनाडा ने भारत को आमंत्रित किया और उसका कारण बताया है कि आज भारत की जनसंख्या और भारत का विश्व में बढ़ता हुआ प्रभाव को इग्नोर नहीं किया जा सकता। कानावत ने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में हाल ही में अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश दुर्घटना में मारे गए सभी मृतको के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरणा प्रदान की ।कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सांवरलाल जाट के ज्येष्ठ पुत्र कैलाश लाम्बा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा,प्रधान सम्पतराज लोढा ,मुख्य वक्ता




दाऊ राम शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य रामसुख गुर्जर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जयमल रहलानी,जिला मंत्री हंसराज चौधरी ,नारायण जोशी ,दीपक तिवाड़ी, पुखराज जांगिड़ ,राजू सिंह रावत,गुलाबचंद शर्मा,सुरेंद्र सिंह राठौड़, सूरजकरण गुर्जर, राजवीर गुर्जर, छोटु सिंह राठौड़ ने भी सम्बोधित किया। बैठक में मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा,कार्यक्रम संयोजक ललित लोढा ,सह संयोजक संजय लोढा, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री भंवर लाल भडाणा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कानसिंह रावत, भाजपा नेता अजित चौधरी ,हीरालाल बाफ़ेडिया, गुमानसिंह राठौड़, कमला सांखला,नेमीचंद जाट,पर्वत सिंह ,बालूराम शर्मा, धनराज गुर्जर, गणपत ग्वाला,रघुवीर जांगिड, जितेंद्र सिंह राठौड़, अभिषेक पारीक,सुरेन्द्र रावत,महावीर मारवाड़ी,नागेंद्र सिंह राठौड़, देवकरण गुर्जर, मंगलचंद गुर्जर, श्यामसुंदर जांगिड़, धर्मेंद्र मेवाड़ा,पप्पू सिंह ,बिन्दुसिंह, अनुराग शर्मा, गुमान सिंह रावत,सूर्यकांत खींचीं, सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत के भिनाय आगमन पर स्थानीय लोगों ने बिजली,पानी संकट को लेकर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड कस्बे में रविवार को विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत के आगमन पर स्थानीय लोगों ने बिजली, पानी सहित कस्बे में व्याप्त विभिन्न समस्यायों को लेकर अलग अलग ज्ञापन दिए। कस्बे के जोशी मोहल्ला निवासी महेंद्र कुमार जोशी , प्रवीण प्रकाश भट्ट ने मोहल्ले में डिम लाईट की समस्या से निजात दिलाने को लेकर अलग डी पी लगवाने, ग्रामीणों ने आजाद चौक स्थित बैरवा मौहल्ला से पहाड़ के ऊपर स्थित बराई माता जी के मंदिर पर जाने के लिये सीढ़ियों के निर्माण के लिये विधायक कानावत को ज्ञापन देकर आवश्यक फंड जारी करवाने की मांग की ।ग्रामीणों ने बताया कि बराई माता मंदिर जाने के लिये टेढ़े मेढ़े रास्ते से होकर चढ़ना पड़ता है,ग्रामीणों ने रास्ते को सुगम बनाने के लिये सीढ़ियों के निर्माण की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.हरेश मामनानी, रायमल बैरवा,ताराचंद प्रजापति आदि थे। इसी प्रकार कस्बे के मोती चौक के ग्रामीणौ दिनेश मेवाड़ा, पवन मेवाड़ा, शंकर मेवाड़ा, पुष्पेन्द्र सांखला, जितेन्द्र सांखला आदि ने विधायक कानावत को इस भीषण गर्मी में भी जलदाय विभाग द्वारा पर्याप्त जलापूर्ति नहीं करने की शिकायत करते हुए। पीने के पानी की प्रयाप्त व प्रेशर से सप्लाई करने की मांग की है।

## कुमावत बने शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पार्टी के प्रदेश सचिव ललित तुनवाल, राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर तथा शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रेगर की अनुशंसा पर महावीर कुमावत को शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।महावीर कुमावत की नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता से ब्लॉक कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। कुमावत लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठावान रहकर संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष ने नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए सतत कार्य करते रहेंगे।

## धीरज पाण्डेय् ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय् को प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पाण्डेय् की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ने भरतपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। धीरज पाण्डेय् समाजसेवी के साथ विप्र समाज में अपनी अलग पहचान रखते हैं धीरज पांडे के जिला अध्यक्ष मनोनयन पर भरतपुर जिला सहित डीग जिले के अनेकों विप्र वन्धुओ ने प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय का आभार व्यक्त किया है।

## पेयजल समस्या को लेकर भीम आर्मी करेगी धरना : प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा /ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के फुलिया कलां. कस्बे के दलित रैगर मोहल्ला में गर्मी के माह में भीषण पेयजल संकट और कम पानी के प्रेशर को लेकर जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को कही बार ज्ञापन देने व दलित परिवारों की पेयजल समस्या हेतु उपखंड अधिकारी व स्थानीय विधायक लालाराम बैरवा को अवगत कराने के उपरांत भी अभी तक दलित बस्ती में चंबल परियोजना द्वारा नियमित सप्लाई नहीं की जा रही है वह पानी का प्रेशर लो होने से पूरी बस्ती में नियमित सप्लाई नहीं हो रही है जिसे आमजन परेशान है बार-बार ज्ञापन देने के उपरांत भी प्रशासन की कुंभ करनी नींद नहीं खुली है इसलिए भीम आर्मी द्वारा उपखंड कार्यालय के बाहर 17 जून को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे। भीम आर्मी कार्यकर्ता लालाराम रावण ने बताया की 17 जून को भीम आर्मी फूलिया कलां शाखा द्वारा पेयजल समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन होगा व उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा ।

## राज्य पुरस्कार मिलने पर एसडी कॉलेज की रेंजर अबासरा का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( नि.स. )।** एसडी कॉलेज की रेंजर कोमल अबासरा को राज्यपाल द्वारा रेंजर राज्य पुरस्कार मिलने पर प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कॉलेज के रोवर, रेंजर प्रभारी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि रेंजर राज्य पुरस्कार भारत स्काउट्स-गाइड्स द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पुरस्कार है, जो सीनियर गाइड्स यानि रेंजर्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, कौशल और सामाजिक गतिविधियों में योगदान के लिए दिया जाता है। इस अवसर पर प्रो. वीरेंद्र सिंह, प्रो. मंदरूप राम देवड़ा, प्रो. धीरज पारीक, प्रो. वंदना सुखाडिया, जसवीर सिंह, सतपाल सिंह, सहदेव गुर्जर, सुनील कुमार कुमावत, बाबूदीन काठात और अन्य रोवर, रेंजर आदि उपस्थित थे।

## स्कूल शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर कल ब्यावर आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( नि.स. )।** स्कूल शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मंगलवार 17 जून को ब्यावर आएंगे। मंत्री दिलावर उदयपुर रोड स्थित आशापुरा माता मंदिर में वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

जल संरक्षण व पर्यावरण के बचाव हेतु जन जागरूकता की जाएगी। मंत्री दिलावर के आगमन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता ने तैयारी बैठक ली। निजी व सरकारी स्कूलों के शिक्षको के साथ हुई रूपरेखा तैयार करते हुए जिला प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू की।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

## जल स्रोतों का संरक्षण करना है साझी जिम्मेदारी : ओम प्रकाश भडाणा

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 15 जून को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार को आनासागर की रीजनल कॉलेज स्थित चौपाटी पर श्रमदान कर साफ सफाई की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेंद्र सिंह राठौड़ के द्वारा उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश भडाणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की पहल पर राज्य में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आनासागर पर साफ सफाई करने का कार्य सबके लिए प्रेरणादायक रहेगा। समस्त जल स्रोतों का स्वच्छ रहना भावी पीढ़ी के लिए एक सौगात रहेगा। जल स्रोतों का संरक्षण एक साझी जिम्मेदारी है। इसे सरकार के साथ-साथ जन समुदाय के सहयोग से ही किया जा सकता है। इस प्रकार की सफाई से आनासागर झील का संरक्षण और संवर्धन होगा। इस अभियान से प्रदेश के आमजन बड़ी संख्या में जुड़े हैं। इसी से जल संरक्षण का यह महा अभियान जन अभियान बना है। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व जल स्रोतों की साफ सफाई होने से उनका पुनरुद्धार हो रहा है। इस कार्य से क्षेत्र के कुएं एवं बावड़ियों की क्षमता बढ़ेगी। राजस्थान को जल संकट से निजात दिलाने में यह जन अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार की मंशा प्रत्येक घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इस संकल्प को पूर्ण करने में जल संरक्षण का यह अभियान उपयोगी सिद्ध होगा। हरित राजस्थान की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा। आज हम सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसे बड़ा करने का संकल्प लेना चाहिए। नगर निगम के उप महापौर नीरज जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान सही अर्थों में एक जन अभियान है। जो आनासागर रीजनल चौपाटी पर श्रमदान किया। इसमें युवाओं, महिलाओं, कार्मिकों तथा अधिकारियों ने मिलकर सफाई की। यह आनासागर झील के प्रति अजमेर शहर के लगाव को दर्शाता है।

इस कार्य में कारागार प्रशिक्षण संस्थान, राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान पुलिस, विकास समितियां, मां सावित्रीबाई फुले मातृशक्ति कल्याण संस्थान, राजस्व विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, गायत्री परिवार, वन विभाग, स्काउट, मॉर्निंग वॉक ग्रुप, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन, दिगंबर जैन युवा महासमिति, भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति तथा बजरंग मंडल सहित विभिन्न संस्थाओं ने अपनी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त श्रीमती अनीता एवं श्रीमती कीर्ति कुमावत, कारागार प्रशिक्षण संस्थान के पारस जांगिड़, जिला शिक्षा अधिकारी जग नारायण व्यास एवं गोविंद नारायण शर्मा, पूर्व पार्षद चंद्रेश सांखला, श्रीमती भारती श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद गिरधर शर्मा, दीपक, महेंद्र, सहित पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर ताश पत्ती पर दाव लाना पड़ा भारी

### जुआ खेलते 7700 रू सहित 6 गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वेर जयनारायण मीणा एवं भुसावर को धर्मेंद्र शर्मा के निकट सुपरविजन में भुसावर थाना अधिकारी नरेश शर्मा द्वारा अलग-अलग स्थानो पर असामाजिक तत्वों व अन्य स्पेशल एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थान से सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तों पर दाब लगाते हुए 6 जनों भुसावर थाना क्षेत्र के शिवराम पुत्र हरिराम गुर्जर नरहरपुर, राजेश पुत्र बाबूलाल जाटव सुहानी, अशोक कुमार पुत्र मूलचंद जाटव निवासी बारौली ,यशपाल पुत्र रंगीलाल जाट निवासी तरगवां एवं हेमंत कुमार पुत्र भीम सिंह मीणा निवासी जगजीवनपुर थाना वैर को 7700 रूपये सहित गिरफ्तार किया है।

## ठाकुर जी का नौका विहार आयोजन ,श्रध्दालुओं ने लिया प्रसाद

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा नगर के वेंकटेश भगवान मंदिर परिसर में रविवार शाम ठाकुर जी का भव्य नौका विहार आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव से हो रहा है कार्यक्रम में शाम 4 बजे से बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और अपने-अपने ठाकुर जी को नौका विहार कराया। कार्यक्रम के पुजारी अरविंद व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भक्तों के सहयोग से साकार हुआ। नौका विहार के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जा रहा है ।

## देवनानी ने नीट यूजी टॉपर महेश कुमार को दी बधाई

### देवनानी ने महेश और परिवारजन से दूरभाष पर वार्ता कर गौरवमयी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं

बढ़ता राजस्थान

### देवनानी ने कहा : मेहनत, लगन और समर्पण से होती है लक्ष्य की प्राप्ति

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 15 जून को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नीट यूजी में टॉपर रहे श्री महेश कुमार पेसवानी को गौरवमयी सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री देवनानी ने महेश कुमार से दूरभाष पर बातचीत की और उन्हें इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए बधाई दी।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान के नोहर, हनुमानगढ़ के मेधावी छात्र और अजमेर के दोहिते श्री महेश पेशवानी ने नीट यूजी में देश भर में प्रथम रैंक प्राप्त करके संपूर्ण राज्य को गौरांवित किया है। विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने दूरभाष पर श्री महेश कुमार को उज्जवल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि श्री महेश कुमार की मेहनत, लगन और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है। देवनानी से दूरभाष पर महेश कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष से बात करके उन्हें बहुत खुशी हुई है और जीवन में आगे चिकित्सा के क्षेत्र में वे देश की सेवा करेंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़ अजमेर( नि.स. )।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा की पूर्व शिक्षा मंत्री रघु शर्मा के फार्म हाउस के पास बम्बुल के नीचे एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला ।जिसकी सूचना पाकर सरवाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त करवाई। लोगों से पूछताछ करते हुए पुलिस मृतक के घर पहुची। और शव की पहचान के लिए मृतक के पिता को पुलिस घटना स्थल लेकर गयी। मृतक की पहचान कैलाश रेगर पुत्र रामधन रेगर निवासी ब्यावर रोड केकड़ी के रूप में हुई। और सरवाड़ पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया। शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सोप दिया। मृतक के बारे में जब उसके पिता से पूछताछ की मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा कैलाश रेगर अजमेर में रहता था। और वो केकड़ी कब आया हमें भी जानकारी नहीं थी। जब पुलिस पूछताछ करते हुए हमारे घर पहुंची तब हमें जानकारी मिली की मेरे बेटे का शव मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे जाँच मे जुट गयी है।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर व रक्तदाता सम्मान समारोह, रुधिरा ब्लड बैंक द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

### 350 से अधिक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** विश्व रक्तदाता दिवस का अवसर पर होटल कृष्णा पर झालावाड़ में रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह सम्मान समारोह रुधिरा ब्लड सेंटर के तत्वदान में किया गया रक्तदान शिविर में 101 यूनिट कलेक्शन हुआ तथा सम्मान समारोह में लाइव डोनेशन करने वाले 140 रक्तदाताओं ,92 एसडीपी डोनर, व 86 सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर संजय पोरवाल प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, डॉक्टर वीपी गुप्ता डायरेक्टर रुधिरा ब्लड सेंटर ,डॉ रामसेवक योगी न्यूरोसर्जरी विभाग ,डॉक्टर लक्ष्मण सिंह ब्लड बैंक प्रभारी रहे । कार्यक्रम में ओजस्वी अग्रवाल द्वारा रक्तदाताओं को समर्पित कविता प्रस्तुत की गई। मंच का संचालन सोनी जी द्वारा किया गया। आयोजन का मैनेजमेंट अपेक्षा कुमारी की देखरेख में संपन्न हुआ ।सम्मान समारोह में झालावाड़ जिले सहित हाडोती वह मध्य प्रदेश शरद तथा उपस्थित हुए करण का प्रसाद भोजन की व्यवस्था की गई।

## हरी लकड़ियों सहित टाटा 407 जप्त



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** वन विभाग की टीम ने सामूहिक अगस्त के दौरान रात्रि लगभग 10.30 बजे अवैध रूप से परिवहन कर ली है जा रही गीली लकडियों से भरी हुई टाटा 407 को जप्त किया है।

वनपाल नाका खेड़ली मोड़ ओमेंद्र शर्मा ने बताया कि उपवन संरक्षक मानस सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी नदबई के नेतृत्व में अवैध खनन व अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार की रात्रि लगभग 10.30 बजे सामूहिक अगस्त के दौरान भुसाकर से टाटा 407 जो हरी लकडियों से भरी थी को रूकवा कर जांच की गई उसमें प्रतिबंध लकडियाँ भरी हुई थी चालक से लकडियों की वैधानिक स्वीकृति मांगी गई तो उसके पास किसी प्रकार की स्वीकृति नहीं थी इस पर राजस्थान वन अधिनियम के तहत जप्त कर सुरक्षित पुलिस थाना भुसावर पर खड़ी की गई, कार्रवाई के दौरान ओमेन्द शर्मा,केशव सिंह उपस्थित रहे वन विभाग की और से प्रतिबंधित लकडियों पर लगातार की जा रही कार्रवाई से लकड़ी तस्करों व खनन माफिया में भय का माहौल है।

# आमजन को करें जागरुक, पारम्परिक जलस्रोतों का करें रखरखाव : ओटाराम देवासी

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि जो सहभागी विभाग है, वे अपने-अपने विभाग की जिम्मेदारी निभाएं। समस्त विभाग मिलकर जन जागृति के लिए कार्य करें। रात्रि चौपाल के माध्यम से भी लोगों को जल संरक्षण का संदेश दे। श्रमदान, पौधारोपण एवं स्वच्छता के कार्य करवायें। उन्होंने कहा कि सब मिलकर जन आंदोलन के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने परम्परागत जल स्त्रोत बावड़ियों, तालाबों, बांधों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई और उनके संरक्षण की दिशा में जो कदम बढाया उसे हम सब को मिलकर आगे बढ़ाना है साथ ही पानी को सुरक्षित करके उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। देवासी ने कहा कि बूंदी की बावड़िया प्रसिद्ध है, इनका रख रखाव हों। वृक्षारोपण के लक्ष्य को विशेष प्रयास कर हासिल करें। सब मिलकर लोगों को वृक्षारोपण के लिए जागृत करें। जनता में यह संदेश जाए कि भविष्य के लिए पानी बचाना है। उन्होंने कहा कि पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए। शिक्षा विभाग प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। बैठक में देवासी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 20 जून तक चलने वाले इस अभियान की प्रत्येक गतिविधि प्रभावशाली और स्थायी होनी चाहिए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों दोनों में समान रूप से कार्य हों। महिला समूहों, किसान संगठनों, औद्योगिक इकाइयों और स्वैच्छिक संस्थाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाएं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने अभियान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि तालाबों की सफाई, वर्षा जल संग्रहण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण शपथ, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियों के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बी.आर.जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। इसके पश्चात देवासी बूंदी की मालन मासी बावड़ी देखने पहुंचे , वहां चल रहे कार्य को धीमी गति से होता देख उन्होंने निर्देश दिए कि इसका कार्य जल्द बारिश आने से पूर्व होना चाहिए इसके पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन की बावड़ी को भी देखा। वंदे गंगा जल संरक्षण के तहत स्काउट गाइड कार्यालय में चल रहे कार्यक्रम में भी देवासी ने शिरकत की।

# साइबर सुरक्षा के प्रति महिलाओं को जागरूक करने हेतु कपासन के कांकरवा ग्राम में कार्यशाला का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** मंजरी फाउंडेशन एवं एल एंड टी फाइनेंस के संयुक्त तत्वावधान में क्षैत्र के ग्राम कांकरवा में साइबर सुरक्षा के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस उपाध्यक्ष कपासन हरजीलाल यादव के मुख्य आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुवे पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव ने कहाकी वर्तमान समय में मोबाइल का जितना ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है।जिससे साइबर फ्राड भी ज्यादा होने लगे है।जिससे हमे सावधान तथा लालच देने वाले दूरभाष संपर्क से बचना है।साथ ही अनजान नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल नहीं उठाने चाहिये। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक यादव ने राज सिटीजन ऐप के बारे में जानकारी दी तथा उपस्थित महिलाओ से उक्त एप डाउनलोड कर एप को सक्रिय करने को कहा। जिससे मुसीबत में होने पर उक्त एप का उपयोग कर पुलिस प्रशासन से मदद ली जा सके।इससे पुलिस तुरंत मदद हेतु मौके पर पहुंच जायेगी। भूपाल सागर थाना प्रभारी लादुलाल ने कहाकि किसी भी प्रकार का डिजिटल,साइबर या बैंक फ्रॉड होने पर इसकी सूचना साइबर सुरक्षा नम्बर 1930 पर दे। जिससे आपकी मदद की जा सके। इस कार्यशाला में डिजिटल सखी सुनीता,यशोदा, पार्वती,राजीविका कलस्टर मैनेजर जीवन कंवर,समूह सदस्य सीता, ललिता, भावना, आशा, रानी, गायत्री, सीमा, पार्वती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा,आशा सहयोगिनी सुंदर, स्थानीय ग्रामवासी गुड्डी, गायत्री, प्रेमी, गीता, भोली, दुर्गा,काली सहित कांकरवा ग्राम की 70 से अधिक महिलाएं उपस्थित रही।कार्यक्रम के अंत में डिजिटल सखी कौशल्या गर्ग द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# विमान दुर्घटना में घायलों के लिये बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल में किया रक्तदान

## हॉस्पिटल के हालात हर तरफ परिजनो का चीत्कार मानवता त्राही त्राही कर रही

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर घायलों की सहायता के लिये राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने शनिवार सांय अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मेडिकल होस्टल पर विमान गिरने के बाद बड़ी संख्या में मेडीकल छात्र व होस्टल स्टाफ के साथ बिल्डिंग में उपस्थित लोग गम्भीर घायल हो गये थे।जिनका अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।इनमें कई रोगियों को लगातार ब्लड चढ़ाया जा रहा है।घायलों की मदद के लिये चर्मेश शर्मा शुक्रवार को अहमदाबाद पहुंचे और बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता होने पर शनिवार को अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान किया।

### ब्लड ग्रुप जाँच के बाद ही ले रहे ब्लड

विमान दुर्घटना के बाद घायलों के लिये जिन ग्रुप के ब्लड की लगातार आवश्यकता पड़ रही है उसके लियेअहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक प्रशासन लगातार सुचारू रूप से लोगो को रक्तदान को प्रेरित कर रहा है।बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिये पहुंच रहे है लेकिन पहले ब्लड ग्रुप की जाँच की जा रही है और ग्रुप जाँच के बाद जिन ब्लड ग्रुप की आवश्यकता है वह ब्लड लिया जा रहा है। बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता होने पर चर्मेश शर्मा भी सिविल हॉस्पिटल पहुंचे और स्वैच्छिक रक्तदान किया।

### मानवता त्राही त्राही कर रही

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 270 से अधिक लीगो की दुखद म्रत्यु के बाद शवो की पहचान बड़ी चुनौती बनी हुयी है।अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल पहुंचे बूंदी के चर्मेश शर्मा ने बताया कि वहाँ हर तरफ विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगो के परिजनो के आँसुओ का अंबार है।ऐसा लग रहा है जैसे मानवता त्राही त्राही कर रही है।

# महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती रथ यात्रा का निम्बाहेड़ा में किया स्वागत




बढ़ता राजस्थान


**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा है, जिसके तहत भारत के सभी केंद्रों में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस रथ के माध्यम से महावीर इंटरनेशनल के सेवा प्रकल्पों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रा का निम्बाहेड़ा पहुंचने पर महावीर इंटरनेशनल निम्बाहेड़ा तथा महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा के वीर, वीराओं द्वारा उदयपुर मार्ग स्थित अहिंसा सर्किल पर स्वागत किया गया, तत्पश्चात रथ को नगर के प्रमुख चौराहों व मार्गों से गुजारकर महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। आरम्भ में संस्था के पूर्व अंतरराष्ट्रीय सचिव वीर कमलेश ढेलावत द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान केंद्र के चेयरमैन वीर विकास पटवारी, पूर्व चेयरमैन आशीष बोडाना, रवि मोदी, सौरभ तोषनीवाल, पद्मिनी की चेयरपर्सन वीरा प्रीति खेरोदिया, अल्पना चपलोत, मंजू काबरा, प्रियंका बोडाना, मेघा सोनी सहित वीर, वीराएं उपस्थित रहे।

# जजावर कस्बें की दो प्रतिभाओं का नीट यूजी में हुआ चयन

## गुंजन दाधीच एवं हिमांशु वर्मा बनेंगे डॉक्टर

बढ़ता राजस्थान








**जजावर ( पदम शाह )।** शहरी ही नहीं अब ग्रामीण प्रतिभाएं भी अपनी योग्यता का लोहा मनवा रही है। सीमित साधन और सुविधाओं के बावजूद हमारे गांवों के बालक बालिकाएं शिक्षा से लेकर खेल एवं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से नया मुकाम हासिल कर रहे है। ऐसे चमकते सितारों मे जजावर की दो प्रतिभाओं गुंजन दाधीच एवं हिमांशु वर्मा ने भी अपना नाम दर्ज कर लिया हैं जो अब डॉक्टर बनेंगे। जहां कस्बे में स्थित झेंठाल माता मंदिर आमजन को तंबाकू और धूम्रपान निषेध का संदेश देते हुए स्वास्थ्य के प्रति सचेत होने का संदेश दे रहा हैं, वहीं यह प्रतिभाएं भी अब डॉक्टर बन कर लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेंगे।

**पहले प्रयास में हुए सफल :** प्रथम प्रयास में नीट में सफलता अर्जित कर गुंजन दाधीच ने 99.57 पर्सेंटाइल के साथ 557 अंक प्राप्त किए है जिसकी आल इंडिया रैंक 9269 एवं केटेगरी रैंक 4217 हासिल की है। वहीं हिमांशु वर्मा को 96.89 पर्सेंटाइल के साथ 487 अंक मिले हैं। इसकी आल इंडिया रैंक 68328 और केटेगरी रैंक 1983 है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली इन दोनो प्रतिभाओं के पिता पुरूषोतम दाधीच एवं हंसराज वर्मा दोनों ही अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं और इनकी माताएं गृहिणी हैं। इस सफलता पर गुंजन दाधीच और हिमांशु वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और गुरूओं को दिया है। गुंजन दाधीच का कहना है कि नीट जैसी परीक्षा पास करने के लिए किसी बड़े शहर या बड़ी कोचिंग से शिक्षा जरूरी नहीं है, बल्कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए जोश, जुनून और जज्बा हो तो आप छोटी जगह से भी इस परीक्षा में सफलता हासिल कर सकते हैं। गौरतलब हैं कि गुंजन दाधीच का बड़ा भाई लवेश दाधीच ने भी पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी, जो वर्तमान में केरल में एमबीबीएस में अध्ययनरत है।

# भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जाट ने किया मण्डल कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, निम्बाहेड़ा विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी, सांसद सी.पी. जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी की सहमती पर पूर्वी मंडल कार्यकारिणी का गठन किया है। पूर्वी मण्डल अध्यक्ष जाट ने बताया कि कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर देवीलाल मेनारिया, कैलाश डांगी, दिपक सिंह सोलंकी, पप्पुलाल गुर्जर, श्रीमती इन्द्रादेवी मीणा, रमेशचन्द्र डांगी तथा महामंत्री पद पर राधेश्याम टेलर, राजेश धाकड, शैलेन्द्र पाटिदार को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी में मंत्री पद पर नगेन्द्रपाल जीनगर, संजय टांक, डाडम गायरी, मुकेश जाट, श्रीमती रोशन मीणा, सत्यप्रकाश मेनारिया, कोषाध्यक्ष पद पर महेश चारण, कार्यालय प्रमुख अशोक धाकड़, सोश्यल मीडिया प्रभारी पद पर महेश वैष्णव को दायित्व सौंपा गया है।

# योग फोर निरोगी बूंदी की टीम ने चित्रशाला में जाकर योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले में एकादश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से आमजन को अधिकाधिक जोड़ने तथा धार्मिक, ऐतिहासिक × हेरिटेज स्थलों पर योगाभ्यास द्वारा लोगों को जागरूक करने के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के निर्देशन में जिला प्रशासन × आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 2 जून से चलाये जा रहे योगा काउंटडाउन एट हेरिटेज अभियान में रविवार को योग फोर निरोगी बूंदी की टीम ने चित्रशाला में जाकर योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया। अभियान के प्रभारी डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि इस अवसर पर योग × प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ विमला परमार, योग प्रशिक्षक दीपक गुर्जर, भूपेन्द्र योगी, चांदनी वरयानी, शक्ति तोषनीवाल, सरला कुशवाह , पूजा खत्री, प्रांशु सिंह गहलोत, शिखर पंचौली, अश्विनी शर्मा कूक्की, डॉ वीएन माहेश्वरी समेत 30 से अधिक योग साधकों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कर आमजन को नियमित योगाभ्यास द्वारा स्वस्थ रहने × अपनी हेरिटेज को सहेजने के लिए जागरूक किया।

# तेज अंधड़ ने मचाई तबाही, जन जीवन हुआ अस्त : व्यस्त

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** शनिवार सांय को आया तेज अंधड़ से पूरा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया । और कई मकानों के छप्पर तो कहीं टीन शेड उड़ गए । टोपा -दियाली फीडर में 33केवी के पांच दर्जन से अधिक विधुत पोल धराशाही हो गए । और तेज अंधड़ से सबसे ज्यादा नुकसान खानपुरा, बड़वा की देवरिया, मानपुरा, में ग्राम वासियों को भारी नुकसान हुआ है। और लोगो ने प्रशासनिक अधिकारियों को ग्रामीणों को हुए नुकसान का सर्वे करवाकर आपदा प्रबंधन से आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**48 घंटे में भी दुरस्त नहीं हुई लाईन :** टोपा दियाली फीडर में तेज अंधड से पांच दर्जन से अधिक विद्युत पोल टूटकर नीचे गिर जाने से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई । विद्युत आपूर्ति बंद होने तीन गांव के लोग पानी को तरस गये । ग्रमीणो ने विधुत विभाग को अवगत करवाने के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारों मेंलाइन को दुरुस्त नहीं करवाने से ग्रामीणों में भारी रोष उत्पन्न हो गया।

उन्होंने सरकार के जनप्रतिनिधियो को अवगत करवाने के बाद भी लाईन दुरस्त नहीं हो पाई 7 यहां हुआ नुकसान = क्षेत्र में शनिवार शाम तेज हवाके साथ बारिश हुई। हवा का वेग इतना तेज था कि खानपुरा, बड़वा की देवरिया, मानपुरा में तीन दर्जन से अधिक विद्युत पोल टूट गए जिससे कहीं ट्रांसफार्मर भी नीचे गिर गए। जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। राजीव गांधी जल संचय मिशन के अंतर्गत स्थापित सोलर पैनल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए है। तेज अंधड़ के कारण 60 से अधिक मकानो के छप्पर उड़ गए तथा दीवारें ढह गई। बड़वा की देवरिया गांव में 8 वर्षीय बालिका के सिर पर पत्थर गिरने से गंभीर चोट आई है। रामदेव माली, सोजी लाल, प्रभुलाल माली, रामस्वरूप,दिनेश मीणा, पप्पू बंजारा, गोपी लाल बंजारा,कालू मीणा, लेखराज बंजारा, जगदीश मीणा, गिरिराज मीणा सहित ग्रामीणों को तेज अंधड़ से काफी नुकसान हुआ है।

# अमन मददगार कमेटी कपासन की बैठक में सामाजिक कुरीतियां समाप्त करने एवं शिक्षा स्तर बढ़ाने पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** अमन मददगार कमेटी कपासन के 35 गांव चौखला के शेख,सय्यद,पठान समाज की बैठक का उपरेड़ा ग्राम में कमेटी सदर मंजूर खान पठान की सदारत में आयोजन किया गया। अमन मददगार कमेटी कपासन प्रवक्ता आबिद खान पठान ने बताया कि उक्त बैठक का प्रारंभ तिलावते कलाम से हुआ।जिसमे समीपवर्ती ग्राम क्षेत्रों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।इस दौरान कमेटी संयोजक अब्दुल हमीद खान द्वारा कमेटी के विभिन्न सेवा कार्यो संबंधी जानकारी देते हुवे समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया। साथ ही कमेटी संरक्षक सय्यद अख्तर अली बुखारी द्वारा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सुझाव व्यक्त किया गया।कमेटी कोषाध्यक्ष रफीक खान पठान चंदेरिया द्वारा सलाहकार कमेटी गठित करने सुझाव प्रस्तुत किया गया। इकबाल खान पठान ने कहा शिक्षा समाज के सर्वांगीण के लिए अतिआवश्यक है।

इधर कमेटी सदर मंजूर खां पठान द्वारा बैठक में कमेटी के रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी प्रदान की गयी। इस बैठक में हाजी नन्हें खान ऊंचा,हकीम खान उपरेड़ा, फ़िरोज़ खान गंगरार,चांद खान नेतावल, मुंशी खान पठान बोदियाना,मुंशी खान पठान उपरेडा सहित रामथली, राशमी, जाशमा,कपासन,कोदियाखेड़ी, बोदियाना, चंदेरिया,गोरा खेडा, नेतावल, चंद्रपुरा,उचनार, पीपल खेड़ी, विलायती खेड़ा, पुठोली, उपरेड़ा एवं आरनी के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। बैठक का संचालन कमेटी सेक्रेटरी हमीद खान पठान जाशमा द्वारा किया गया।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

# मीडियाकर्मियों ने जिले की सबसे बड़ी आलनपुर नर्सरी में किया पौधारोपण जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी तथा वन विभागों ने भी निभाई भागीदारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत रविवार को जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यों और प्रयासों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए जिले में कई स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया। पत्रकारों के दल ने ग्राम महू के प्रगतिशील किसान बसराम मीणा के खेत पर स्थापित ग्रीन हाउस, सोलर सिस्टम एवं ड्रिप सिंचाई प्रणाली, ग्राम सूरवाल में जानकीलाल द्वारा निर्मित गोबर खाद तथा विभिन्न जैविक फसलों के उत्पादन स्थल, आलनपुर वन नर्सरी, मानसरोवर बांध तथा ग्राम सुखवास स्थित ऐतिहासिक क्षेत्रपाल की बावड़ी जैसे महत्वपूर्ण जल संरक्षण एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों ने प्रतिनिधियों को बताया गया कि इन प्रयासों से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि किसानों की आजीविका भी सशक्त हो रही है।

**जल संरक्षण तकनीकों व योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी :** अधिकारियों ने बताया कि सूरवाल बांध, मुख्य नहर और माइनर आदि के पुनरुद्धार से क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों में सिंचाई क्षेत्र बढ़ सकेगा। व कनिष्ठ अभियंता जल संसाधन विभाग रोहित गुर्जर, विनोद मीना ने बताया कि सूरवाल बांध की भराव क्षमता का 8 फीट पानी है जिससे क्षेत्र के आस-पास के गांवों के भू-जल स्तर बड़ा है। सूरवाल बांध तथा सूरवाल मुख्य नहर के जीर्णोद्धार, मानसरोवर जलस्त्रोत के पुनर्जीवन और जलग्रहण क्षेत्रों में समुदाय आधारित जल संरचनाओं का कार्य भी भ्रमण का मुख्य आकर्षण रहा।

# महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती रथ यात्रा का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान




**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा हे जिसके तहत भारत के सभी केंद्रों में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत महावीर इंटरनेशनल के सेवा प्रकल्पों को आमजन तक पहुंचने का कार्य रथ यात्रा द्वारा किया जा रहा हे जिसके तहत यात्रा का चित्तौड़गढ़ पहुंचने पर महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ तथा महावीर इंटरनेशनल देशना के वीर वीराओ द्वारा कलेक्ट्रेट सर्किल पर रथ का स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर व नगर में भेज कर महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर जोन सचिव वीर प्रवीण जैन द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर देशना केंद्र के चेयरमैन वीरा सुनीता सिसोदिया संस्था के वरिष्ठ सदस्य वीर सी एम रांका व वीर हस्तीमल चंडालिया ने जिले में चल रहे विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में बताया. महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ के सचिव वीर चंद्र प्रकाश जैन, वीर नवनीत मोदी, वीर अशोक सेठिया, वीर राजेंद्र संचेती, वीर दिनेश खंडेलवाल, वीरा विमला सेठिया, वीरा रेखा नाहर, वीरा प्रमिला बोहरा, वीरा अंगूरबाल भड़कतीया, वीरा नीमा मेहता, वीरा रंजना बाघमार उपस्थित रहे।



# बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष क्यों नहीं बना पा रहे 4 जिलाध्यक्ष

## दौसा-झुंझुनूं में बड़े नेता एक नाम पर सहमत नहीं, धौलपुर में मजबूत चेहरा चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश बीजेपी में करीब साढ़े 6 माह पहले 2 दिसम्बर 2024 को संगठन के चुनाव (संगठन पर्व) शुरू हुए थे। इन चुनावों में बूथ से लेकर प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन होना था।निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी बीजेपी में आज भी अधूरा संगठन ही काम कर रहा हैं। प्रदेश में 22 फरवरी को प्रदेशाध्यक्ष के पद पर मदन राठौड़ के निर्वाचन के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो गई थी।ऐसे में माना जा रहा था कि शेष रहे पदों पर प्रदेशाध्यक्ष ही नियुक्ति करेंगे, लेकिन करीब साढ़े 3 माह बीतने के बाद भी प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ नियुक्तियां नहीं कर पाए हैं।प्रदेश में आज भी करीब 60 मंड अध्यक्ष और 4 जिलाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई हैं। वहीं मंडल से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी नहीं हुआ है।

प्रदेश में नई कार्यकारिणी के गठन के पीछे बीजेपी की तरफ से तर्क दिया जाता है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद नई कार्यकारिणी का गठन होगा।क्योंकि प्रदेश कार्यकारिणी के नामों पर केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति जरूरी हैं। इधर, प्रदेश में लंबे समय से अटके 4 जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं।क्योंकि इनकी नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को करनी हैं। प्रदेश बीजेपी में 44 संगठनात्मक जिले हैं। जिलाध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया 31 जनवरी को पूरी हो गई थी। उस समय तक 40 जिलों में जिलाध्यक्षों का निर्वाचन हो गया था।लेकिन अभी भी दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं और जोधपुर देहात उत्तर में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो सकी हैं।

### जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में बड़े और स्थानीय नेताओं का पेंच

दौसा - पार्टी किसी ब्राह्मण को जिलाध्यक्ष बनाना चाहती हैं। लेकिन बताया जाता है कि वहां स्थानीय विधायकों और मंत्री किरोड़ीलाल मीणा किसी एक नाम पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं। दौसा में तो पार्टी 27 में से अभी केवल 13 मंडल अध्यक्ष ही बना पाई हैं। जिसमें से भी 2 मंडल अध्यक्षों को लेकर विवाद चल रहा हैं।झुंझुनूं - स्थानीय विधायकों में एक नाम पर सहमति नहीं बन पा रही हैं। पार्टी यहां मूल ओबीसी का जिलाध्यक्ष बनाना चाहती है, लेकिन जाट बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां भी पेच फंसा हुआ हैं। वहीं जिलाध्यक्ष के नाम को लेकर स्थानीय विधायक राजेन्द्र भांबू और विधानसभा प्रत्याशी रहे बबलू चौधरी की खींचतान के चलते भी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति में देरी हो रही हैं।धौलपुर - जिले में पार्टी के पास कोई मजबूत चेहरा नहीं है। धौलपुर जिले में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। पिछले 20 सालों में धौलपुर में पार्टी केवल एक सीट जीत पाई हैं। ऐसे में प्रदेश नेतृत्व चाहता है कि यहां किसी ऐसे नेता को जिम्मेदारी मिले। जो जिले में संगठन को मजबूत कर सके। यहां से पार्टी एससी अथवा ओबीसी चेहरे को जिलाध्यक्ष बना सकती हैं।जोधपुर देहात उत्तर - यहां जिलाध्यक्ष का नाम लगभग तय हो गया था। अंतिम समय में स्थानीय नेताओं ने तय नाम को बाहरी बताकर उसका विरोध कर दिया। जिससे यहां भी जिलाध्यक्ष का निर्वाचन अटक गया था।

### मंडल और जिले की कार्यकारिणी में भी देरी

बीजेपी में करीब 1137 मंडल हैं। इनमें करीब 60 के आसपास मंडलों को छोड़कर सभी में मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन हो चुका है, लेकिन आज तक एक भी मंडल की कार्यकारिणी नही बन पाई हैं। इसी तरह से 40 जिलों में जिलाध्यक्षों का निर्वाचन हो चुका है, लेकिन किसी भी जिले में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। ऐसे में सभी मण्डल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष बिना कार्यकारिणी के ही काम कर रहे हैं।

### करीब 11 महीने से पुरानी टीम के साथ कर रहे काम

मदन राठौड़ की प्रदेशाध्यक्ष के पद पर 25 जुलाई 2024 को नियुक्ति हुई थी। प्रदेश में बीजेपी का अध्यक्ष बनने के बाद से लेकर आज तक मदन राठौड़ पुरानी टीम के साथ ही काम कर रहे हैं।उन्होंने अभी तक अपनी टीम का गठन नहीं किया हैं। कई मौकों पर जब मीडिया ने उनसे नई टीम के गठन को लेकर पूछा तो उन्होने हर बार यहीं कहा कि जल्द ही नई टीम की घोषणा होगी।जानकारों का मानना है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद ही प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन हो सकेगा।

## यूडीएच मंत्री को मिली जडीए अधिकारियों की शिकायत

# जनता बोली- राधा विहार विकास समिति में गलत तरीके से जारी हुए 90ए के आदेश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (नि.स)।** जयपुर के राधा विहार विकास समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात कर जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत की। उन्होंने कहा कि जेडीए के अधिकारी नियमों के विपरीत गलत ढंग से ग्राम खेड़ा जगन्नाथपुरा एवं वार्ड रमजनीपुरा तहसील चाकसू की राधा विहार कॉलोनी को 90 ए में बदल रहे हैं। जबकि जो मूल फाइल है, उसपर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिस पर मंत्री ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री को बताया कि राधा विहार कॉलोनी में पिछले कई सालों से लोग मकान बनाकर रह रहे हैं। साल 2017 से जयपुर विकास प्राधिकरण में कॉलोनी की अनुमोदन की मूल फाइल विधिवत प्रक्रिया के तहत लंबित है। इसके बावजूद जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने नियमों को दरकिनार करते हुए एक नकली कागजी योजना के आधार पर उसी कॉलोनी में दूसरी 90 प्रक्रिया को मंजूरी दे दी। वहीं,, पिछले 7 साल चल रही फाइल को नदारद कर दिया।समिति के अध्यक्ष आर एस तोर ने आरोप लगाया कि यह कार्यवाही पूरी तरह से मिलीभगत का परिणाम है। इसमें कुछ अधिकारियों ने निजी स्वार्थ और भूमाफिया के दबाव में आकर पारदर्शिता और नियमानुसार प्रक्रिया को नजरअंदाज किया है। ऐसे में इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### मंत्री को सौंपा मांग पत्र

राधा विहार कॉलोनी की मूल साल 2017 से लंबित फाइल को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए।फर्जी योजना के आधार पर जारी 90 आदेश को रद्द किया जाए।दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस दौरान DH मंत्री झाबर सिंह सिंह खर्रा ने समिति की समस्याओं को सुन कॉलोनीवासियों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित मामले की उचित जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राधा विहार के निवासियों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## जयपुर में खाने में मिलाया नशा, विवाहिता से रेपः मिलने के बहाने आया था घर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स)।** जयपुर में नशा खिलाकर एक विवाहिता से रेप करने का मामला सामने आया है। मिलने के बहाने आरोपी परिचित उसके घर आया था। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। मुहाना थाने में पीड़ित विवाहिता ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच स।ह्व (मुहाना) कर रहे है।पुलिस ने बताया- मुहाना की रहने वाली 27 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया- परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत थी। बातचीत होने के साथ ही उसका घर पर आना-जाना था। आरोप है कि मिलने के बहाने आरोपी परिचित उसके घर आया था। घर पर अकेला पाकर उसने धोखे से नशा मिलाकर खिला दिया। नशा मिला खाने के कारण उसे बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी परिचित ने उसके साथ रेप किया। होश आने पर विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बार-बार ब्लैकमेल कर मिल रही धमकियों से परेशान होकर पीड़ित विवाहिता ने मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## जयपुर से चुराया डम्पर, पुलिस ने पीछा कर पकड़ाः रोड किनारे किया था खड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स)।** जयपुर में चोरी हुए एक डम्पर को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। बगरू थाना पुलिस ने डम्पर चोरी करने वाले बदमाश को भी अरेस्ट किया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। रोड किनारे खड़े डम्पर के ड्राइवर के वापस लौटने पर चोरी होने का पता चला था।डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- डम्पर चोरी के मामले में आरोपी गनी मोहम्मद (50) पुत्र कमालुद्दीन निवासी प्रतापनगर भीलवाड़ा को अरेस्ट किया गया है। दो जून को परिवादी विजेंद्र ने डम्पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि वह सांगानेर में उनकी श्री बालाजी इफ्रां नाम से फर्म है। फर्म के दो डम्पर रोडी-बजरी में चलते है।एक जून की रात करीब 9 बजे ड्राइवर गिरधारी लाल गुर्जर डम्पर को चौधरी ग्रीन हाउस के सामने रोड किनारे खड़ा कर अपने गांव चला गया था। अगले दिन सुबह करीब 5 बजे दूसरे ड्राइवर के पहुंचने पर डम्पर गायब मिला। डम्पर चोरी की रिपोर्ट पर बगरू पुलिस ने वारदातस्थल के आस-पास लगे ष्टष्टञ्जङ्क फुटेजों को खंगाला। फुटेज के आधार पर चोरी हुए डम्पर का पीछा कर पकड़ा। पुलिस ने डम्पर को बरामद करने के साथ ही चोरी करने वाले बदमाश गनी मोहम्मद को भी अरेस्ट किया।

# बिजली कंपनी कर्मचारियों की मेडिकल हिस्ट्री करेगी अपडेट

## करीब 10 हजार कर्मचारियों को हो सकता है फायदा, ट्रांसफर में मिलेगा वेटेज

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (नि.स)।** राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड ) ने कर्मचारियों की मेडिकल हिस्ट्री रिकॉर्ड को अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए [illegible] सिस्टम में नया फीचर जोड़ा गया है, जिसमें गंभीर बीमारियों और विशेष स्थितियों से जुड़ा मेडिकल डेटा अपलोड किया जा सकेगा।निगम की ओर से सभी लोकेशन इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीन काम करने वाले कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट एकत्र करें और उन्हें सॉफ्ट कॉपी के रूप में संबंधित पैरोल एडमिनिस्ट्रेटर को भेजें। इसके बाद एडमिनिस्ट्रेटर उसे SAP-ERP के जरिए फॉर्म PAx® में अपडेट करेगा।

RVPN के सेक्रेटरी (एडमिन) आनंदी लाल वैष्णव की ओर से 12 जून 2025 को जारी आदेश में कहा गया है कि यह जानकारी तत्काल एकत्रित कर अपडेट की जाए ताकि जरूरत पड़ने पर सिस्टम से तुरंत एक्सेस किया जा सके।

इन बीमारियों का किया जाएगा रिकॉर्ड अपडेट

RVPN की ओर से जिन बीमारियों और मेडिकल कंडीशन को शामिल किया गया है, उनमें 12 तरह की कैटेगरी शामिल हैं-

1. कैंसर
2. डायबिटिक डिसऑर्डर
3. किडनी ट्रांसप्लांट
4. हार्ट सर्जरी / बायपास
5. किडनी डायलिसिस
6. लिवर या किडनी डोनेशन
7. मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं
8. स्थायी दिव्यांगता
9. दृष्टिहीनता
10. मृत या दृष्टिहीन संतान
11. मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त संतान
12. ऑटिज्म

ट्रांसफर और प्रशासनिक फैसलों में मिल सकता है लाभ

सेक्रेटरी (एडमिन) आनंदी लाल वैष्णव ने बताया- RVPN में करीब 10 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, और यह प्रक्रिया उन्हें भविष्य में तबादला (ट्रांसफर), या पोस्टिंग जैसे मामलों में वेटेज देने के मकसद से शुरू की गई है।

## दुपट्टे से फंदा लगाकर 18-साल की लड़की ने सुसाइड किया-मरने से पहले युवक से हुई थी बात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स)।** सीकर में एक 18 साल की लड़की ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। गेट भीतर से बंद होने पर परिवार के लोग खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और बेटी को नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।परिजनों के अनुसार- युवती ने मरने से पहले रात को गांव के ही एक युवक से वीडियो कॉल और चैट पर बातचीत की थी।घटना सीकर के जीणमाता थाना इलाके के गनोड़ा गांव में आज सुबह की है। युवती का नाम सुमन(18) पुत्री मदनलाल ढाका निवासी गनोड़ा है।

**पंखे से लगाया था फंदा**

पिता मदनलाल ने बताया- रात को परिवार के सभी लोग शनिवार की रात करीब 9 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। आज सुबह 5 बजे के करीब जब पत्नी सुमन के कमरे की तरफ गई तो देखा कि गेट अंदर से बंद है। उसने सुमन को आवाज दी, लेकिन कमरे से कोई आवाज नहीं आई।जब खिड़की से अंदर देखा तो सुमन पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटकी हुई थी। इसके बाद परिवार के लोग खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। बेटी को फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी।

# जयपुर के बीएसएफ जवान की बंगाल में हत्या

## साथी कॉन्स्टेबल ने गोलियों से भूना, सीने में पांच गोलियां मारी; 13 राउंड फायरिंग की

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (नि.स)।** जयपुर के चौमूं के रहने वाले बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के हेड कॉन्स्टेबल को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में साथी कॉन्स्टेबल ने गोलियों से भून डाला। बीएसएफ ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है।पुलिस के अनुसार, हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत (56) कालाडेरा के खन्नीपुरा गांव का रहने वाला था। हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत और कॉन्स्टेबल शिवम कुमार मिश्रा 119 बीएन बटालियन में थे। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश पर मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित इलाकों में क्चस्स्न को तैनात किया गया था।बीएसएफ कॉन्स्टेबल शिवम कुमार मिश्रा की रात करीब 10.30 बजे हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत से किसी बात पर बहस हो गई थी।

## देवनानी ने नीट यूजी टॉपर महेश कुमार को दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने नीट यूजी में टॉपर रहे श्री महेश कुमार पेसवानी को गौरवान्वित सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री देवनानी ने श्री महेश कुमार से दूरभाष पर बातचीत की और उन्हें इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए बधाई दी।

## मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किए प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने नाथद्वारा में प्रभु श्री नाथ जी के दर्शन किए। इस दौरान राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंदिर मंडल पदाधिकारियों ने समाधान पद्धति से उनका स्वागत किया।

# बीजेपी की पूर्व-प्रधान को परिजनों ने घर में घुसकर पीटा

## सिर दीवार में भिड़ाया, पैर पर पत्थर मारे; उप-प्रधान के साथ लिव इन में रह रही

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर। (नि.स) बीजेपी की पूर्व प्रधान के साथ उनके परिजनों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि परिजन उन्हें साथ ले जाना चाहते थे। लेकिन, पूर्व प्रधान बीजेपी के ही उप पूर्व प्रधान के साथ लिव इन में रह रही थी। उन्होंने साथ जाने से इनकार कर दिया।महिला पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि परिजनों ने उनका सिर दीवार पर दे मारा। साथ ही पैर तोड़ने की कोशिश भी की।

**मामला डीग जिले कामां थाना इलाके का है।**

फिलहाल मामले में महिला पूर्व प्रधान ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई है। उनका भरतपुर के RBM में इलाज जारी है।



### पूर्व उप प्रधान के साथ लिव इन में रह रही थी

कामां पंचायत समिति की पूर्व प्रधान रहीं रचना जाटव (28) ने अपनी आपबीती बताई। कहा- मैं कामां के नगला गोपीनाथ गांव की रहने वाली हूं। साल 2017 से 2020 तक वह बीजेपी पार्टी की तरफ से प्रधान रही। साल 2021 में घर छोड़ दिया और अलवर में अलग रहने लगी। करीब 4 साल पहले कामां पंचायत समिति में पूर्व उप प्रधान बुधराम यादव (30) के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगी और डेढ़ साल पहले अलवर से कामां में कोसी रोड़ पर कमरा लेकर रहने लगी। साथ ही साथ पढ़ाई भी कर रही हूं।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# अजमेर में गड्ढे में डूबने से 2 बच्चों की मौतः ननिहाल आए मौसेरे भाई नहाने गए थे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अजमेर के दौराई में रेलवे स्टेशन के पास बने गड्ढे में डूबने से 2 मासूम बच्चों की मौत हो गई। गर्मियों की छुट्टियों में ननिहाल आए मौसेरे भाई नहाने के लिए गए थे, जहां यह हादसा हुआ। सूचना पर पहुंची रामगंज थाना पुलिस ने दोनों के शव जेएलएन अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार सुबह करीब 11 बजे भगवान गंज निवासी प्रिंस (13) पुत्र प्रकाश और घूघरा निवासी रूद्र (8) पुत्र हंसराज अपने एक अन्य साथी के साथ गड्ढे में नहाने गए थे। दोनों के डूबने पर तीसरे बच्चे ने गांववालों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और प्रिंस को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रूद्र को काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला। करीब एक घंटे बाद झाड़ियों में उसका शव मिला। दोनों बच्चे अपने मामा सोनू भडाणा के यहां आए हुए थे। हंसराज मोबाइल की दुकान करते है और प्रकाश रेलवे में कर्मचारी है।

रामगंज थाना प्रभारी रविश सामरिया ने बताया-सूचना मिली थी कि दोराई रेलवे स्टेशन के सामने पटरियों के आगे कोई गड्?डा बना है और तीन बच्चे नहा रहे थे और डूब गए।


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार